CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, सोमवार 8 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 13 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

पेज 2



भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

खेल टाइम्स



प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर

सम्पादकीय



ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए अमेरिका में नियुक्तियां ठप

पेज 12

## हॉकी में भारत का 'चौका', एशिया कप पर कब्जा



**साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल में हराया हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालिफाई**

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया। टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

## पोक्सो में बच्ची की गवाही ही काफी, HC का बड़ा फैसला

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि बरकरार रखी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट ने कहा: पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक शख्स को 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है।

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस मामले में दोषी करार दिए गए टोनी नाम के शख्स की याचिका 3 सितम्बर को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है'। प्राथमिकी के मुताबिक दोषी शख्स टोनी फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था। ये दुकान बच्ची के स्कूल के पास थी। इस दौरान टोनी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीजों का लालच दिया और उसे बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही आरोपी टोनी ने बच्ची को डराने के लिए धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वो उसकी जान ले लेगा। आरोपी ने कहा कि वो उसे नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। इन धमकियों की वजह से बच्ची चुप रही। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची की स्कूल की टीचर ने उससे पूछताछ की और बच्ची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद टीचर ने बच्ची की मां को पूरी बात बताई जिसके कारण पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा। साथ ही आरोपी शख्स जिरह के दौरान पीड़िता की गवाही को झुठला नहीं सका। कोर्ट ने माना कि बच्ची के बायन में सच्चाई है, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी टोनी की 2 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा।

### अखिलेश के बाद सिद्धारमैया का कटा चालान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वाहन ने इस साल 7 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। इसको लेकर उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर सीट बेल्ट न पहनने के कारण आए हैं। इसके लिए सिद्धारमैया पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों ने इन उल्लंघनों को रिकॉर्ड किया है। खास बात ये है कि सभी चालान पिछले 9 महीने के हैं। मुख्यमंत्री पर कुल 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने अदा कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सरकारी गाड़ियों की ओवरस्पीडिंग का 8 लाख रुपये का चालान आया है। इस मामले में सपा चीफ ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सपा चीफ ने कहा कि हम तो राजनीतिक पार्टी के खाते से चालान भर देंगे लेकिन गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे?

### 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। अमित हांसदा झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था और माओवादी संगठन में उसकी पैठ काफी मजबूत मानी जाती थी।

### अशोक स्तंभ को लेकर कश्मीर में मचा बवाल

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह में लगे अशोक चिन्ह को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 25 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह घटना जुमे की नमाज के बाद सामने आई थी, जिसके बाद इलाके में विवाद और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो की जांच के आधार पर इन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 'जीरो' नहीं होगा

### घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो




**मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर किया जा रहा विचार**

**वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल**

**मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नेशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है।

मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं, जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थायी पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।

### पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा चुनाव आयोग

**10 सितम्बर को दिल्ली में ईसी की मीटिंग, साल के आखिरी में शुरू हो सकती है वेरिफिकेशन प्रक्रिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितम्बर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

## हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा लोगों की मौत

### पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हिमाचल प्रदेश में 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, पीएम मोदी नौ सितम्बर को पंजाब जाएंगे**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।

पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितम्बर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। हिमाचल के सिरमौर के नौहराधार में शनिवार को पूरा पहाड़ नदी में आ गया। हालांकि, जहां लैंडस्लाइड हुई वहां कोई बस्ती नहीं थी। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और मप्र-बिहार समेत 20 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात में विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वडोदरा में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जम्मू-पठानकोट हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए सेना जुटी है। पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के इटावा में चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं। हरियाणा में बहादुरगढ़ के के गांव लौहारहेड़ी में 2 मुख्य गालियों में पानी भर गया है। यहां एक से 2 फीट तक पानी जमा है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादा बारिश बरसने और निकाली नहीं होने के कारण गांव के दादा पूल्हा और हरियाला वाला तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। इसके कारण गलियों में पानी भरने लगा है। यहां सड़क पर मछलियां तैर रही हैं। लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा (एसवीडीके) और संगलदान (एसजीडीएन) के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है।

## ED ने सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया

### 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी सपना भी आरोपी

कोलकाता, वार्ता

**अनिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल**

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं। ईडी ने सुब्रत राय की पत्नी सपना राय को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं। हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में खासतौर पर अनिल अब्राहम और जेपी वर्मा की भूमिका रेखांकित की गई है। अब्राहम सहारा के चेयरमैन कोर मैनेजमेंट (सीसीएम) ऑफिस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। बड़े फैसलों व संपत्ति सौदों में केंद्रीय भूमिका निभाते थे। वर्मा को ईडी ने 'लॉन्ग-टाइम एसोसिएट' और प्रॉपर्टी ब्रोकर बताया है। आरोप है कि वह जमीनी स्तर पर नकद लेन-देन और गुप्त सौदे रूट कराने में अहम भूमिका निभाते थे। ईडी का दावा है कि दोनों ने सहारा की संपत्तियों की बिक्री कराई, नकदी को इधर-उधर किया और सियासी व कारोबारी नेटवर्क का इस्तेमाल कर इन्हें वैध दिखाने की कोशिश की।



## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले संसद भवन में विपक्षी दलों की बैठक आज

**'इंडिया' के उम्मीदवार को विजयी बनाने का होगा आह्वान**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन की नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें सभी नेताओं से आग्रह किया जाएगा कि सभी दल सुनिश्चित करें कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की तरह अपने सांसदों के लिए वोट देने से पहले कार्यशाला आयोजित करने के सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है और उसमें सभी नेता अपने सांसदों को सामूहिक संदेश देंगे। बैठक सोमवार को कब होगी फिलहाल समय तय नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई लेकिन कहा गया कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ही उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की बात विचार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में दो साइबर अपराधी और दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के साझा अभियानों में साइबर अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल चार लोग गिरफ्तार किए गए। मणिपुर की साइबर अपराध पुलिस थाना की एक टीम ने थौबल जिले से शनिवार को दो साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खाता चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। म्यूल बैंक खाता वैसा खाता होता है, जिसका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को फंसाकर जालसाज करते हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दूसरों को बैंक अकाउंट खुलवाने का लालच दिया और अन्य साइबर अपराधियों के साथ मिलीभगत करके साइबर धोखाधड़ी के पैसे को स्थानांतरित करने और जमा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया।

### गैंगस्टर बराड़ का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेशी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगी बलजिंदर सिंह उर्फ रैंच को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपी के पास से पांच पिस्तौल (-32 बोर) और 10 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देश पर उसके प्रमुख सहयोगी मलकीत सिंह उर्फ कित्ता भानी के माध्यम से खरीदे गए थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगी को ही आउटसोर्स करने की जरूरतः अखिलेश

## कहाः 2025 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा

**इटावा, वार्ता**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के



■ भाजपा जाएगी, तभी आरक्षण बचेगा संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ए बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है।

# भाजपा की कार्यशाला के दौरान अंतिम पंक्ति में दिखे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बीच नई दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री

■ प्रधानमंत्री को जीएसटी सुधारों के लिए किया गया सम्मानित

सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवम्बर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

# मायावती ने ट्रम्प टैरिफ पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'ट्रम्प टैरिफ' के आतंक से उभरी नई चुनौतियों को लेकर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की ज़रूरत है।

ऐसा करना जरूरी है वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी। इससे बचना बहुत जरूरी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को जमीनी स्तर पर



बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही यह निर्देश भी दिया की बाकी बचे कार्य पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर प्रस्तावित पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि राजधानी लखनऊ स्थित 'मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल' पर ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी।

## सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा

# यूपी में अब नौकरियों की बौछारः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में तो जिलों में सांसदों और विधायकों ने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन ने मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले नियुक्ति



■ मुख्यमंत्री ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को नियुक्ति पत्र वितरित किए

पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं हो पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी ही नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना

### चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी से प्रतिभा का लाभ दिया

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था, तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके।

पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा, तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए, तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।



**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार के असर से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर जीएसटी सुधारों के जमीनी असर और वैश्विक कारकों पर रहेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर घटाने की घोषणा के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने कीमतों में कटौती करनी शुरू कर दी है।

निवेशकों को इस बात का इंतजार रहेगा कि कौन सा क्षेत्र जीएसटी सुधार के बाद कीमतों में कितनी कटौती करता है। इसके अलावा विदेशों से मिलने वाले संकेतों पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 901.11 अंक (1.13 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त में 80,710.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 314.15 अंक



यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 24,741 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.40 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.49 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 11.36 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। टाटा स्टील का शेयर 8.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 5.32 फीसदी और इटरनल का 4.77 फीसदी मजबूत हुआ। ट्रेंट में 4.12 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 3.65, टाटा मोटर्स में 3.45, एशियर पेंट्स में 2.44, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27, एचडीएफसी बैंक में 1.20, एक्सिस बैंक में 1.02 और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक में भी साप्ताहिक तेजी रही। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 2.47 फीसदी टूट गया। इंफोसिस में 1.71 प्रतिशत, एलएंडटी में 1.31, टीसीएस में 1.17 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाल निशान में रहे।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,06,251 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सप्ताह 1,06,251 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआई सीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि शीर्ष 10 की अन्य तीन कंपनियों के एम-कैप में 29,731 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का एम-कैप सबसे अधिक 37,961 करोड़ रुपए बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 23,344 करोड़ रुपए और 17,580 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी का एम-कैप 15,559 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 4,246 करोड़ रुपए बढ़ा। एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 4,134 करोड़ रुपए और 3,426 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई।

# गेहूं-चावल नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़ चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गई, जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

वहीं गेहूं करीब सात रुपए सस्ता होकर 2,848.96 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपए और वनस्पति में 151 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपए और सूरजमखी तेल 62 रुपए सस्ता हुआ। वहीं पाम ऑयल 47 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गए। चना दाल औसतन करीब 67 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपए और दाल मूंग में 52 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी 113 रुपए उतर गई। मसूर दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहेः दाल-दलहनः दाल चना 7893.92 रुपए, मसूर काली 8092.38 रुपए, मूंग दाल 10051.69 रुपए, उड़द दाल 10404.63 रुपए, अरहर दाल 10560.87 रुपए प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपए और चावल 3776.83 रुपए प्रति क्विंटल।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद



ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विज़न-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोगः खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था



■ क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैकऑफिस बन गया

कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवेदनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुई है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुई थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हर्षिल क्षेत्र के किसानों को सरकार करेगी हरसम्भव मदद: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से रविवार को उत्तरकाशी के उपला टकनौर क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन लेकर सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र रावत ने भेंट की। हर्षिल घाटी के सेब उत्पादक किसानों की समस्याओं को रखते हुए सरकार से 2013 की तर्ज पर सेब की खरीद शीघ्र आरंभ करने की मांग की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने तत्काल दूरभाष पर जिलाधिकारी उत्तरक. ाशी से वार्ता की और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और शीघ्र ही सीमांत क्षेत्रों के सेब काश्तकारों की फसल की खरीद को लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा।

# लंबे समय से गैर हाजिर 56 डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त

## स्वास्थ्य विभाग में 300 चिकित्सकों की और होगी भर्ती, लापरवाह चिकित्सकों के भरोसे नहीं छोड़ सकते हेल्थ सिस्टमः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 300 और चिकित्सकों की शीघ्र भर्ती की जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेजने के निर्देश दे दिये हैं। इसके अलावा विभाग में लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे 56 बॉण्डधारी डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। सेवा से बर्खास्त इन चिकित्सकों से मेडिकल कॉलेज को अनुबंध के अनुरूप बॉड की धनराशी वसूलने के निर्देश भी दे दिये गये हैं।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में चिकित्साधिकारी (बैकलॉग) के 220 पदों पर डॉक्टरों की भर्ती की गई, जिनको प्रदेश के सुदूरवर्ती स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनाती भी दे दी गई है। इसके अलावा विभाग में चिकित्सकों के करीब 300 पद रिक्त पड़े हैं। इन पदों पर शीघ्र भर्ती के लिये विभागीय अधिकारियों को रोस्टर तैयार कर उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेजने के निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि चयन बोर्ड समय पर भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कर विभाग को नये चिकित्सक उपलब्ध करा सके।

विभागीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बेहतर हेल्थ सिस्टम तैयार करने में जुटी है, जिसके तहत सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्रों की स्वास्थ्य इकाईयों में ढ़ांचागत व्यवस्थाओं से लेकर चिकित्सकों की तैनाती भी कर रही है, ताकि आमजन को निकटतम अस्पतालों में बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा सरकार ऐसे कार्मिकों को बाहर का रास्ता भी दिखने से गुरेज नहीं कर ही है जो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लाप. रवाह हैं।

सरकार ने विगत माह राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्ध वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई के निर्देश अधकारियों को दिये थे। जिसके फलस्वरूप गयाब चल रहे 178 चिकित्सकों ने वापस विभाग में ज्वाइनिंग दे दी है। जबकि 56 चिकित्सकों ने अंतिम चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। इन सभी गैरहाजिर 56 चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है, साथ ही निदेशक चिकित्सा शिक्षा को गैरहाजिर सभी चिकित्सकों से बाण्ड की शर्तों के अनुरूप बाण्ड की धनराशि वसूलने के निर्देश भी दिये हैं।

डॉ. रावत ने बताया कि बताया कि प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एक अनुबंध के तहत छात्र-छात्राओं को न्यूनतम फीस में एमबीबीएस पढ़ाई कराई जाती है। इस अनुबंध के तहत इन छात्र-छात्राओं को एमबीबीएस की पढ़ाई सम्पन्न होने के बाद सूबे के पर्वतीय जनपदों के चिकित्सा इकाईयों में 5 वर्षों की सेवाएं देना अनिवार्य है। ऐसा न करने की स्थिति में इन चिकित्सकों को बाण्ड में निर्धारित धनराशि जमाकर विभाग से एनओसी लेनी होती है, तभी इन्हें इनके शैक्षिक प्रमाण पत्र लौटाये जाते हैं। अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर चिकित्सकों से बांड में निर्धारित धनराशि वसूलने का प्रावधान है।

### चौरास में प्राधिकरण की कार्यवाही पर जनता में रोष

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में प्राधिकरण के तहत लोगों के घरों का चालन किए जाने पर स्थानीय लोगों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। रविवार को चौरास में प्राधिकरण के विरोध में एक बैठक आहुत की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्थानीय लोगों ने बडी संख्या में पहुंचकर प्राधिकरण का जोरदार विरोध किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि चौरास की जनता पर प्राधिकरण के तहत कार्यवाही होती है तो इसका विरोध कर आंदोलन किया जायेगा। जिला पंचायत सदस्य मढी चौरास निर्मला देवी भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य डा. प्रताप भंडारी, डा. उत्तम भंडारी, विजयंत निजवाला, नरेंद्र भंडारी, विनोद चमोली ने कहा कि कार्यवाही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी।

## राजस्थान सरकार ने आपदा प्रभावित उत्तराखंड को दिए 5 करोड़

**आपदा राहत कार्यों में मदद करने की पहल**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए, राजस्थान सरकार ने उत्तराखंड सरकार को 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। यह सहायता राशि राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तात्कालिक राहत और पुनर्वास कार्यों में उपयोग की जाएगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे एक पत्र में इस दुखद परिस्थिति पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि, "इस प्राकृतिक आपदा के कठिन समय में हम उत्तराखंड के लोगों की पीड़ा को अपनी ही पीड़ा मानते हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राजस्थान के निवासी इस संकट की घड़ी में उत्तराखंड के भाइयों-बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# उत्तराखंड में ऑपरेशन कालनेमि खोल रहा फर्जियों की पोल

## 5500 से अधिक का हुआ सत्यापन, 14 से अधिक गिरफ्तार, 1182 व्यक्तियों के विरुद्ध हुई निरोधात्मक कार्यवाही

**असामाजिक तत्वों पर हुई कठोर कार्यवाही, सांस्कृतिक धरोहर व जनता की सुरक्षा मे जुट रहे हैं पुलिसकर्मीः भरणे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर और मूल स्वरूप को सुरक्षित बनाए रखने के चलते पुलिस की और से चलाये जा रहे ऑपरेशन कालनेमि को लेकर पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनन्द भरणे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभियान की उपलब्धियों के सम्बन्ध में जानकारी दी।

इस अभियान के तहत 5500 से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया। 14 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ओर 1182 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लायी गयी है।

**किस-किस जिले में हुई कार्यवाही...**

इस अभियान मे हरिद्वार जिले में अब तक 2704 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया और उनमें से 3 को गिरफ्तार किया गया,देहरादून में 922 व्यक्तियों का सत्यापन और 5 गिरफ्तारियां की गई।इसके अलावा टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल और अन्य जिलों में भी पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।ऑपरेशन कालनेमि" के माध्यम से पुलिस का यह संदेश स्पष्ट है कि समाज और संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**हचान छुपाकर लड़कियों को प्रेम प्रसंग में फंसने वाले गए जेल**

ऑपरेशन कालनेमि के दौरान आरोपी इफराज अहमद लोलू पुत्र इकबाल, निवासी अनंतनाग जम्मू हाल डीबीएस कॉलेज सेलाकुई देहरादून, जो अपनी पहचान व धर्म छिपाकर स्वयं को बहुत अमीर बताते हुए लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसा रहा था, को ऑपरेशन कालनेमि के तहत हिरासत में लिया गया था। आरोपी अपना धर्म छिपाकर राज आहूजा के नाम से युवतियों को अपनी पहचान बताने तथा खुद को दिल्ली का निवासी बताते हुए अपनी अमीरी का झूठा झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फसाने के सम्बंध तथ्य अंकित किये गए थे। जिसके चलते पुलिस हिरासत मे लिया गया।

धर्म परिवर्तन के अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह से सम्बन्धित भी कार्यवाही की गई। पीड़ित प्रशान्त चौधरी पुत्र दर्शन सिंह निवासी वाटिका सन सिटी विस्तार थाना इज्जत नगर बरेली की और से थाना प्रेमनगर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उनने बताया कि उनकी बहन को देहरादून पुलिस के माध्यम से जानकारी मिली कि आगरा में कुछ लोगो को पुलिस द्वारा धर्मान्तरण के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। जिनके सम्पर्क में वादी की बहन भी थी। देहरादून पुलिस द्वारा धर्मान्तरण जैसे गम्भीर प्रकरण के प्रकाष में आने पर वादी की बहन की काउसलिंग की गई।

**पुलिस के चक्रव्यूह में फंसे विदेशी**

थाना सेलाकुई क्षेत्र में अपनी पहचान छिपाकर अवैध रूप से बंगाली डॉक्टर के रूप में काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया। ग्राम कैंचीवाला धूमनगर चौक सेलाकुई से एक बंगाली डॉक्टर अमित कुमार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ में पहले उसने अपना नाम अमित कुमार पुत्र मनीसन्त अधिकारी निवासी पश्चिम बंगाल बताया, सख्ती से पूछताछ में अभियुक्त ने अपना वास्तविक नाम चयन अधिकारी तथा उसके मूल रूप से विलेज रोड श्रीपुर, सुल्तानपुर, पोस्ट-ढालग्राम, जेसोर, बांग्लादेश के होने की जानकारी दी। अभियुक्त के पास से पुलिस को भारत में अवैध तरीके से बनाये गए दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुए है।

# जैन धर्म ने दिया संदेश, अहिंसा ही वीरता का धर्म

**जैन समाज सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर धामी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में आयोजित जैन समाज सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रतिभाग किया और जैन धर्म गुरुओं का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि आचार्य सौरभ सागर मुनि जी महाराज का जीवन संयम, त्याग और अहिंसा के अद्वितीय आदर्शों का प्रतीक है। सौरभांचल तीर्थ और जीवन आशा अस्पताल उनके दूरदर्शी नेतृत्व और करुणा के उदाहरण हैं, जो समाज को धर्म और सेवा के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म ने दुनिया को संदेश दिया है कि अहिंसा ही वीरता का धर्म है। जैन समाज ने केवल अहिंसा का ही नहीं बल्कि संगठन और सामाजिक एकता का भी अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है और इसी क्रम में उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है जिसने ''समान नागरिक संहिता'' लागू की है। इसके साथ ही नकल विरोधी कानून के बाद से से 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी पाने में सफलता मिली है। कार्यक्रम में रविंद्र मुनि जी महाराज, राजेश मुनि जी महाराज, विधायक विनोद चमोली, खजानदास, पद्मश्री डॉ. आर.के. जैन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



**देहरादून।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में आयोजित जैन समाज सम्मेलन का दीप प्रविज्लत कर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, धार्मपुर विधायक विनोद चमोली व पद्मश्री डॉ. आर.के. जैन आदि।

**डेमोग्राफी संरक्षित रखने की प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी संरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से धर्मांतरण विरोधी एवं दंगा विरोधी कानून लागू किए गए हैं। प्रदेश में 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है। सनातन मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड के गठन के संबंध में प्राप्त सुझाव पर सरकार गंभीरतापूर्वक विचार करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जैन समाज आगे भी उत्तराखंड के समग्र विकास में सहयोग देता रहेगा।

## नवगठित जिला टीमों को बधाई, 27 की हैट्रिक में जुटें पदाधिकारी : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी नवमनोनीत जिला पदाधिकारियों को बधाई देते हुए, सेवा पखवाड़े की तैयारियों में जुटने का आह्वाहन किया है। उन्होंने कहा, सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाली आप वही कोर टीम है, जिसे राज्य में कमल की हैट्रिक के मिशन 2027 को सफल बनाने में अहम भूमिका निभानी है। उन्होंने अब तक घोषित 16 सांगठनिक जिलों के 273 पदाधिकारियों के नाम जारी शुभकामना संदेश में, सबको पार्टी और सरकार की सफलता में महत्वपूर्ण इकाई बताया। आप सब की योग्यता क्षमता कर्मठता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह दायित्व दिया गया है। पार्टी नेतृत्व की अपेक्षा है कि समस्त कार्यकर्ताओं का सहयोग लेते हुए आप सभी संगठन की गतिविधियों को जनमानस के बीच ले जायेंगे। ताकि पार्टी के विचारों और नीतियों से अधिक से अधिक लोग राष्ट्र निर्माण में जुटें। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में सफलतापूर्वक मनाना। इसमें हमारी कोशिश होनी चाहिए कि अधिक से अधिक लोग सेवा के कार्यक्रमों में सहभागी बने। वहीं जहां-जहां आपदा का प्रभाव है वहां इन कार्यक्रमों को हमे पीड़ितों की मदद और राहत का सबसे बड़ा आधार बनाना है। प्रदेश स्तर पर सेवा कार्यक्रमों की रचना तैयार हो चुकी है जिसे शीघ्र जिलों में कार्यशालाओं के माध्यम से आप सभी से शीघ्र साझा किया जाएगा।

**राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी और राज्य स्तर पर सीएम धामी जैसा नेतृत्व हमारे पास**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने राजनैतिक संदेश में उन्होंने कहा, सरकार की उपलब्धियां के आधार पर जनता का विश्वास अर्जित करने में आप सभी की अहम भूमिका होने वाली है। यह हम सबके लिए बहुत खुशी और संतोष की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी और राज्य स्तर पर सीएम धामी जैसा नेतृत्व हमे मिला है। लिहाजा उनके काम के आधार पर जनता का विश्वास हमे आशीर्वाद के रूप में मिले, उसके लिए हमें धरातल पर मजबूती से कार्य करना है।

## सीएम से मिले जुगरान, डीएसपी उमाकांत को शहीद का दर्जा देने की मांग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। रवीन्द्र जुगरान ने मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपा व उनसे वार्ता की। रवीन्द्र जुगरान ने मुख्यमंत्री को बताया कि 02 सितंबर 1994 में मसूरी गोलीकांड में तत्कालीन डीएसपी उमाकांत त्रिपाठी की पुलिस फायरिंग में मृत्यु हुई थी। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि वर्ष 1995 से 02 सितंबर 1994 को मसूरी शहीद स्थल पर उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन में मसूरी गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। वहां उपस्थित जनता-जनार्दन, आंदोलनकारी व जन प्रतिनिधी, मंत्री व मुख्यमंत्री भी सभी 6 शहीदों के साथ उमाकांत को भी श्रद्धासुमन अर्पित करते आये हैं। जुगरान ने पत्र में कहा कि त्रिपाठी को भी शहीद का दर्जा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सचिव गृह को पत्र भेजा है।

## शिक्षकों का अहित नहीं होने दिया जाएगाः हरीश रावत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि गुरू ही अपने शिष्य को ईश्वर का ज्ञान कराता है। संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरु को दिया है। हरदा ने शिक्षकों को यह आश्वासन दिया कि टीईटी परीक्षा के वर्तमान हालातों से किसी भी शिक्षक का अहित नही होने दिया जाएगा।

यह बात रविवार को संस्कृति विभाग प्रेक्षागृह में गौरा देवी शिक्षक सम्मान समिति की और से जनपद देहरादून के शिक्षकों के सम्मान को आयोजित किये गये कार्यक्रम में कही।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र सिंह नेगी गुरूजी व हरदा ने रामसिंह चौहान, सतीश घिल्डियाल, विपिन मेहता, अश्विनी भट्ट। अनिल नौटियाल, विजय पाल जगवान, दिनेश डोबरियाल, सुभाष झिलडियाल, अर्जुन पंवार, धर्मेंद्र सिंह रावत को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 500 शिक्षकों का सम्मान हुआ जिन में अंजना राणा, विजया शर्मा, धर्मेन्द्र , अमिता रावत, पुष्पा मधवाल, गीता सिंधवाल, अर्चना ठाकुर,उर्मिला उनियाल, मंजू नेगी, कुंवर सिंह, दीपा सेमवाल, शोभा जुगराण, रविंद्र भट्ट, अवधेश बहुगुणा, पूनम राजपूत, नरेंद्र सिंह, दिनेश, नीरज वर्मा, कुलदीप जोशी,विनोद पांडे एवं विजय भट्ट सहित अनुराग चौहान, प्रशांत सकलानी, विनोद असवाल, लक्ष्मण सोलंकी व लक्ष्मीकांत आदि को सम्मानित किया गया।

# जन-धन हानि पर श्वेत पत्र जारी करे सरकारः धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों पर उत्तराखंड में आई आपदा के मामले में राज्य की घोर उपेक्षा के सवाल उठाए है। प्रदेश सरकार से राज्य में आपदाओं के कारण हुई जन हानि व धन हानि पर तत्काल श्वेत पत्र जारी करने की मांग की गई है।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि जुलाई अगस्त आते-आते पूरे राज्य को आपदाओं ने घेर लिया और यमुनोत्री केदारनाथ धामों में चट्टानें और बोल्डर गिरने से व बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा में यात्री गाड़ी गिरने से लोगों की मौत हुई और इसी बीच केदारनाथ में पांच हैली दुर्घटनाओं में भी लोगों की जान गई, मगर राज्य सरकार का आपदा प्रबंधन तंत्र पंगु बना रहा। धस्माना ने कहा कि पांच अगस्त को उत्तरक. ाशी के धराली व हर्षिल में जो भयंकर आपदा आई उसने 2013 के जख्म हरे कर दिए। कहा कि पौड़ी के अनेक क्षेत्रों में बदल फटने की घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हुई, चमोली के थराली देवाल और रुद्रप्रयाग जिले के अनेक क्षेत्रों में बादल फटने व भूस्खलन से व्यापक तबाही हुई व लोगों की जान चली गई। धस्माना ने कहा कि शनिवार को उत्तरकाशी जिले के नौगांव में बदल फटने की घटना से व्यापक तबाही हुई।

**वोट के लिए बद्रीनाथ-केदारनाथ के नाम का इस्तेमाल करने वाले पीएम अब तक कहां हैं**

**देहरादून।** धस्माना ने कहा कि देश के किसी भी कोने में चुनाव होता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान केदारनाथ के मंदिर आ कर उसका दुनिया भर में प्रचार करवाते हैं जिससे हिन्दू वोट भाजपा के पक्ष में लामबंद हो जाए, मगर आज जबकेदारनाथ-बद्रीनाथ व यमुनोत्री गंगोत्री चारों धामों पर और वहां रहने वाले लोगों पर संकट आया हुआ है तब मोदी को उत्तराखंड, बाबा केदार और मां गंगा की याद नहीं आ रही।

# दिनेश ने छोड़ी नौकरी, 22 फ्रलेवर्स वाली 'निर्मल चाय' से कमा रहे लाखों

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अक्सर युवाओं को रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है, मगर नैनीताल जिले के रहने वाले दिनेश चंद्र जोशी ने इस सोच को बदलने का साहसिक कदम उठाया।

दिनेश ने इन दिनों अपने उत्पाद की दुकान नैनीताल के नन्दा देवी महोत्सव में लगाई है, जहां वो 22 तरह की चाय को बेच रहे हैं, दिनेश बताते हैं कि एमबीए करने के बाद उन्होंने कई नामी कंपनियों में काम किया, जहां उनका लाखों रुपये का पैकेज था, मगर कॉर्पोरेट करियर की चमक उन्हें संतुष्ट नहीं कर पाई। दिनेश ने नौकरी छोड़कर पहाड़ की प्राकृतिक विरासत को नया रूप देने का निश्चय किया और शुरू किया ऑर्गेनिक चायपत्ती का कारोबार।



आज दिनेश न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार का अवसर दे रहे हैं।

उनकी बनाई 'निर्मल चाय' और उनका ब्रांड 'डीसी ग्रीन' अब दूर-दूर तक चर्चित हो चुका है। दिनेश की यूनिट में आज 22 तरह की हर्बल और फ्लेवर्ड चाय तैयार होती है, इनमें कश्मीरी कहवा चाय, पान चाय, मोरिंगा चाय, बिच्छू घास चाय, बॉम्बे मसाला चाय, हिमालय पिंक सॉल्ट चाय, रोज टी, ब्लैक और ग्रीन टी जैसे कई विकल्प शामिल हैं। ये सभी चाय पूरी तरह ऑर्गेनिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। पहाड़ों की जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों से तैयार इन खास फ्लेवर्स ने उनकी चाय को अनोखा स्वाद और पहचान दी है।

दिनेश बताते हैं कि उनका उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना नहीं है, बल्कि वह स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना चाहते हैं।

उनकी संस्था से जुड़े हेम चंद्र जोशी बताते हैं कि इस यूनिट में कई युवा काम कर रहे हैं, जो उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों से जड़ी-बूटियां इकट्ठा कर लाते हैं। इसके बाद उनकी प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट में की जाती है। इससे जहां युवाओं को रोजगार मिला है, वहीं पारंपरिक जड़ी-बूटियों की अहमियत भी बढ़ी है।

दिनेश अपनी चाय को लोगों तक पहुंचाने के लिए मेलों और प्रदर्शनियों में लगातार हिस्सा लेते हैं। उनकी योजना है कि आने वाले समय में वह अपनी चाय को देशभर की बड़ी मार्केट चेन तक पहुंचाएं और इसे ग्लोबल ब्रांड बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं, वहीं इस काम से उनका साल का टर्नओवर तकरीबन 20 लाख से ऊपर है, नौकरी छोड़कर स्वरोजगार की राह चुनने वाले दिनेश चंद्र जोशी की कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जो पलायन को मजबूरी मानते हैं। दिनेश ने दिखाया है कि अगर जुनून और मेहनत हो, तो पहाड़ की मिट्टी से भी सफलता की खुशबू उठ सकती है।

# शहीदी नगर कीर्तन आज काशीपुर

## मुख्यमंत्री धामी कल करेंगे संगत के दर्शन: चीमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के गुरु गद्दी पर बैठने के 350वें वर्ष दिवस एवं सिक्ख समाज के 9वें गुरु तेगबहादुर साहब जी एवं उनके साथ ही शहीद हुए भाई मती दास जी, भाई सती दास जी एवं भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अमृतसर साहिब के द्वारा एक शहीदी नगर कीर्तन जो आसाम से चलकर लगभग 2500 किमी में जगह-जगह पर सिक्खों के बड़े स्थानों पर रुकते हुए सोमवार 8 सितंबर को काशीपुर श्री ननकाना साहिब गुरुद्वारे में विश्राम कर मंगलवार 9 सितंबर को प्रात: 8 से 9 बजे के बीच दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा। बाजपुर रोड स्थित आवास पर आयोजित पत्रकार



वार्ता के दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने उक्त जानकारी पत्रकारों को दी। वहीं, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने बताया कि यह शहीदी नगर कीर्तन ऐतिहासिक है। इतिहास यह बताता है कि मुस्लिम काल में औरंगजेब के द्वारा यह कहते हुए कि हिन्दुस्तान के हर हिन्दू को मुसलमान बनाया जाना है। कश्मीर के पंडित दु:खी होकर पंजाब में आनन्दपुर साहब पहुंच कर श्री गुरू तेगबहादुर साहिब जी को मिले और अपना दु:ख बताया। औरंगजेब श्री गुरू तेगबहादुर साहिब जी मुस्लिम धर्म अपनाने के प्रति असमर्थ रहा एवं दिल्ली में जहां शीशगंज गुरुद्वारा है वहां उनका कत्ल कर दिया गया। तदोपरांत औरंगजेब ने जनेऊ उतारकर मुसलमान बनाने का आदेश वापस ले लिया। विधायक श्री चीमा ने बताया कि संबंधित नगर कीर्तन में उत्तराखण्ड के मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी भी पहुंच रहे हैं। मुख्यमन्त्री श्री धामी का संभवत: रात्रि विश्राम काशीपुर में होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमन्त्री 9 सितम्बर को 8 से 9 बजे के बीच गुरुद्वारा साहिब में संगत के दर्शन करेंगें और गुरू ग्रन्थ साहिब जी को मत्था टेकेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा नेता आशीष गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अपनी मां की कुशल क्षेम लेने जिला मुख्यालय आ रहे पूर्व सैनिक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत के बाद गांव में शोक की लहर छा गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरसाली निवासी पूर्व सैनिक 55 वर्षीय देवेंद्र सिंह कोश्यारी पुत्र राजेंद्र का बागेश्वर कपकोट मोटर मार्ग में गोलना के समीप शनिवार मध्य रात्रि करीब 11 बजे बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। तभी सड़क से जा रहे कुछ लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने जिला मुख्यालय में नशा मुक्ति केंद्र के पास बने घर आ रहे थे। जहां उनकी मां की तबियत खराब हुई थी बताया गया था। तभी वे देर रात घर से मां की खैरियत लेने को निकले हुए थे। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। उधर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टि में हड़क हादसे में मौत होना बताया जा रहा है। हालांकि मौत के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट से पता चल पाएगी। इधर बागेश्वर-कांडा मोटर मार्ग स्थित मनकोट के पास रविवार की सुबह एक स्कूटी रपट गई। हादसे में दो नाबालिग घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोग जिला अस्पताल लाए। जहां दोनों का उपचार जारी है। आरे निवासी 16 वर्षीय किशोर का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि खलझूनी निवासी दूसरा किशोर भी घायल हो गया। डा. साक्षी ने बताया कि दोनों को भर्ती किया गया है।

## एक नजर

### भांग की अवैध खेती नष्ट की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। कपकोट थाना पुलिस ने दस नाली खेतों में बोई गई भांग की खेती नष्ट की। नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशे का सेवन ना करने, नशे के दुष्प्रभाव, भांग की खेती ना किये जाने की अपील की गई। मानस नेशनल नार्कोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल (1933) के बारे में आमजन को जानकारी दी गई स पुलिस ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### भद्रकाली महोत्सव की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राइंका सानीउडयार में जल्द भद्रकाली महोत्सव का आयोजन होगा। इस बार महोत्सव को गत वर्ष से भी अधिक भव्य व दिव्य बनाया जाएगा। इस बार प्रवासियों को महोत्सव में बुलाने पर जोर दिया गया। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है। सभी प्रवासियों को भी बुलाने पर जोर दिया। इस मौके पर दरपान विष्ट, सचिव महोत्सव समिति, विनोद कुमार उपाध्यक्ष महोत्सव समिति, गणेश धामी, दयाल नेगी, नरेंद्र राठौर, होशियार सिंह धामी, गोपाल सिंह राठौर मौजूद रहे।

### मृत्योपरांत भी देखेंगी बाबू जी की आंखें

**काशीपुर।** ब्रह्मलीन किशन लाल मेहंदीरत्ता निवासी प्रकाश रेजीडेंसी काशीपुर के देहावसान के पश्चात उनकी पत्नी बीना रानी, पुत्री अंजू कालरा,



मंजू खुराना, रुचि सेठी, सोनिया अरोरा और दामाद सी कालरा, अमित खुराना, सचिन सेठी, लोकेश अरोरा ने नेत्रदान हेतु सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। किशनलाल मेहंदीरत्ता अपने जीवनकाल में स्वयं धार्मिक व सेवा कार्यो में सलंग्न रहे एवम यह कार्य भी उनकी उसी प्रवर्ति के अनुरूप रहा। 7 सितम्बर को वसुधैव कुटुम्बकम काशीपुर के अनुरोध पर प्रकाश रेजीडेंसी सोसायटी के सचिव वैभव गुप्ता, राजीव सेतिया डम्पी, अमित विजय, अजय अग्रवाल के सहयोग से नेत्रदान की प्रकिया सम्पन्न हुई। संस्था के संस्थापक सदस्य अजय अग्रवाल ने बताया कि नेत्रदान से कोई अंग भंग नहीं होता है व केवल ऊपर की झिल्ली निकाली जाती है तथा नेत्रदान हेतु किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है।

### महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया

**काशीपुर।** महिला ने ससुरालियों पर दो लाख रुपये और कार की मांग को लेकर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी हाशमीन पुत्री लईक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 13 मई 2024 को उनका निकाह मोहसिन पुत्र अनीस के साथ हुआ था। इसके कुछ दिनों बाद पति, सास गुड्डी, देवर यासीन, मोबीन, ननद निदा उसे दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर बीते 11 जून को उनके पति ने उनको मायके छोड़ दिया और वास आने से मना कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### विद्युत लाइन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बागेश्वर।** रविवार तड़के मंडलसेरा ऊपरी वार्ड के भनार तोक में लेंटर का कार्य करने पहुंचे 45 वर्षीय ग्रामीण की हाइवोल्टेज विद्युत लाइन के संपर्क में आने से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोग उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि भनार तोक निवासी जगदीश प्रसाद के घर में लेंटर का कार्य चल रहा था। तभी लेंटर के कार्य में मजदूरी करने पहुंचे सुंदर राम लोहे की सीडी को छत में ले जाते समय सीड़ी हाइवोल्टेज विद्युत लाइन में टच हो गई, जिसके के संपर्क में आए ग्रामीण बुरी तरह झुलस गए। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीण उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया, व शव का पंचनामा भर पीएम करवाया गया। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। लोगों ने विद्युत विभाग से लोगों के घरों के ऊपर से जा रही विद्युत लाइनों को व्यवस्थित करने की मांग की है।

### हल्की बारिश के बीच चटख धूप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम साफ है। सुबह शाम कहीं कहीं हल्की बारिश हो रही जबकि दिन में चटक धूप खिल रही है। पिछले दिनों हुई भीषण बारिश के बाद अब चटक धूप भी लोगो के लिए मुसीबत बनकर आ रही है। ग्रामीणों के घर, आंगन व खेत खलिहान धूप में टूट रहे है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 3 सितंबर से 6 सितंबर तक कई जगह नुकसान हुआ है। तहसील गरुड़ के शंकर कुमार पुत्र लछी राम ग्राम कौसानी का आवासीय मकान आंशिक क्षतिग्रस्त हुआ। मन्जू देवी पत्नी जगदीश सिंह निवासी ग्राम कन्स्यारी का आवासीय मकान आंशिक क्षतिग्रस्त हुआ। देवकी देवी पत्नी नारायण राम निवासी ग्राम जिनखोला का आवासीय मकान का आंगन क्षतिग्रस्त हुआ। हेमा देवी पत्नी केदार सिंह निवासी ग्राम लखनी के 2 बकरियों की मृत्यु हुई। तहसील कपकोट के राजेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम पोथिंग का आवासीय मकान तीक्ष्ण क्षतिग्रस्त हुआ। पुष्पा देवी पत्नी दीवान सिंह निवासी ग्राम पोथिंग का आवासीय मकान तीक्ष्ण क्षतिग्रस्त हुआ है।

## आपदा प्रभावितों में राशन वितरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** संघर्ष वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने कपकोट के पैसारी गांव में आपदा पीड़ितों को राशन किट वितरित किए। उन्होंने पीड़ित लोगों से मुलाकात



कर उनका दुख दर्द जाना। साथ ही इस दुख की घड़ी में साथ होने का भरोसा दिलाया। संघर्ष वाहिनी बागेश्वर के जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने बताया कि रविवार को उनकी टीम कपकोट में आई आपदा ग्रस्त क्षेत्र में पहुंची। यहां उन्होंने आपदा ग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके पश्चात आपदा में पीड़ित करीब 25 परिवारों को आपदा राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने आपदा की चपेट में आकर हताहत हुए ग्रामीणों के मोक्ष के लिए प्रार्थना की। साथ ही उनके परिजनों से मिलकर साथ देने का भरोसा दिया। इस मौके पर अंकुर उपाध्याय जिला प्रवक्ता, सुनील पांडे जिला कोषाध्यक्ष, प्रकाश वाछमी, हरीश राम ग्राम प्रधान पोसारी, हरीश जोशी, मुकुल गड़िया, भरत गड़िया, नरेन्द्र कोरंगा, योगेश जोशी, नागेंद्र मनवाल जिला मिडिया प्रभारी, महेश नगरकोटी सह सचिव, मुन्ना, मिथुन, विनोद थापा, संस्कार भारती जिला सह सचिव, विनोद कार्की मौजूद थे।

# शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत संचालित 13 सूर्या संस्कार




केन्द्रों के शिक्षकों को सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर प्लांट के कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और उनके कार्य की सराहना करना रहा। कार्यक्रम में प्लांट हेड शुभम चमोली ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी शिक्षक गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देकर समाज में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। यह केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, प्रियांशु जोशी, संध्या कोहली, हेमा, रेखा, अमनदीप कौर, सोनम सैनी, आंशिक आदि उपस्थित रहे। उधर सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत हरियावाला स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर प्लांट में रविवार को गणपति प्रतिमा बनाने की प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मिट्टी से भगवान श्री गणेश की सुंदर व आकर्षक प्रतिमाएं बनाकर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना और भारतीय परंपराओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से सभी बच्चों की प्रतिमाओं का अवलोकन कर किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, प्रियांशु जोशी, संध्या कोहली, हेमा, रेखा, अमनदीप कौर, सोनम सैनी, आंशिक आदि उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता

**काशीपुर।** ऑनलाइन नौकरी की तलाश में बिना बताए घर से निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मां ने आगरा निवासी एक युवक पर बेटी को भागा लेने की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी18 वर्षीय बेटी बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है, जो काफी दिन से ऑनलाइन नौकरी की तलाश में थी। इस दौरान उसका संपर्क आगरा निवासी युगल किशोर पांडेय पुत्र राधेश्याम पांडेय से हुआ। आरोप है कि बीते 13 अगस्त को उसकी बेटी के फोन पर युगल ने बताया था। इसके बाद उसकी बेटी घर से चली गई। आरोप है कि युवक ने उसकी बेटी को गायब किया गया है।

### तीन केंद्रों में 465 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को सहायक लेखाकार और अन्य पदों पर आयोजित लिखित परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों कुल पंजीकृत 867 में से 465 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 402 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। नगर के तीन केंद्रों में हुई परीक्षा सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक संपन्न कराई गई। परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। जिलेभर के सभी केंद्रों में परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व डीएएमडी व एचएचएमडी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना ने बताया कि कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। उन्होंने बताया कि कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में 465 ने परीक्षा दी।

# सुरक्षा दिवार निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार: तिवारी

## विधायक ने कहा-सुरक्षा दीवार में दरारें, जांच नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विधायक मनोज तिवारी ने रविवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे पर क्वारब के पास रिवर साइड से बनाई जा रही सुरक्षा दीवार पर पड़े दरारों पर सवाल खड़े किए।

उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच कर संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग उठाई। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने कहा कि क्वारब की समस्या को लेकर उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से, धरना प्रदर्शन के माध्यम से शासन प्रशासन को चेताने का कार्य किया। लेकिन इन सबके बाद



भी शासन प्रशासन नहीं जागा। उन्होंने कहा कि आज क्वारब मार्ग की स्थिति और ज्यादा दयनीय हो गई है। सुरक्षा दीवार पर दरारें बता रही है कि किस हद तक भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पूरी दीवार नहीं तोड़ी गई और उच्चस्तरीय जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन के लिए मजबूर होगी। यहां जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, पूरन सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे।

### छह दिन बाद एनएच पर दौड़े छोटे वाहन

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब से वाहनों की आवा. जाही शुरू हो गई है। रविवार को प्रशासन ने मार्ग से मलबा हटाकर छोटे वाहनों के लिए हाइवे खोल दिया। हालांकि बड़े और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है। दरअसल, बीते दिनों भारी बारिश के चलते क्वारब की पहाड़ी दरकने से मार्ग में भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आ गए थे। जिससे हाइवे में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। मार्ग बंद होने से लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं, अपने गतव्य को जाने के लिए लोगों को अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ रहा था। इधर, रविवार को प्रशासन ने छठे दिन मार्ग से मलबा और बोल्डर हटाकर छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू कर दिया है। हालांकि अभी बड़े और भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगाई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि मार्ग से मलबा हटाकर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

# यूकेडी का ज़िला अधिवेशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल का जिला अधिवेशन आयोजित हुई। अधिवेशन में गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थाई राजधानी बनाने समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं, दल की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें दिनेश जोशी को पुन: दल का जिलाध्यक्ष और मोहित साह को महानगर अध्यक्ष चुना गया। मालरोड स्थित एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अब तक गैरसैंण को स्थाई राजधानी नहीं बनाया जा सका है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। जंगली सुंअरों और बंदरों के कारण खेती चौपट हो रही है। उन्होंने जंगली सुंअरों व बंदरों की समस्या से



निजात दिलाने, बड़े की जगह नदियों में छोटे बांधों के निर्माण आदि की भी मांग की। अधिवेशन के बाद दल की नई कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष के अलावा विक्रम सिंह बिष्ट व सुजीत टम्टा को जिला उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को जिला महामंत्री, दीपा जोशी को महिला जिलाध्यक्ष, आशा आर्या को महिला उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं, हवालबाग ब्लॉक अध्यक्ष के लिए गणेश मुस्युनी को नियुक्त किया गया। बैठक में केंद्रीय महामंत्री कुंदन सिंह बिष्ट, गिरीश नाथ गोस्वामी, पान सिंह लटवाल, जगदीश जोशी, किरन मेहरा, गीता रावत, किरण पाठक, गंगा लटवाल, कमला देवी, आनंद पाठक, भोपाल सिंह बिष्ट, पवन पाठक, ललिता आर्य, दिवस उपाध्याय, दीपक सिंह, पुष्कर कुमार, पवन जामियाल, वैभव शाह मौजूद रहे।

### बसों में बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा

**काशीपुर।** रोडवेज की काशीपुर डिपो की दो बसों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री पकड़े गये हैं। बताया जाता है कि यह खेल परिचालकों की मिलीभगत से चल रहा था। जानकारी के अनुसार काशीपुर से टनकपुर जा रही एक रोडवेज बस को मुख्यालय से आये अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोककर जांच की। जांच के दौरान जब यात्रियों से टिकट मांगा गया तो कई लोग बिना टिकट सफर करते पाए गये। यह देखकर अधिकारी भी हैरान रह गये। मौके पर ही अधिकारियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाया और रिकॉर्डिंग के दौरान उन्होंने ऐसी बातें कहीं जिन्हें सुनकर हर कोई दंग रह गया। मौके पर मौजूद महिला परिचालक से बिना टिकट यात्रियों के संबंध में तत्काल प्रपत्र भरवाए गए। इसी तरह का एक और मामला हरिद्वार रूट पर चल रही बस में भी सामने आया, जहां चैकिंग के दौरान दो यात्री बिना टिकट सफर करते पकड़े गये। इस पूरे प्रकरण को लेकर काशीपुर रोडवेज स्टेशन इंचार्ज अनवर कमाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, इसकी जांच की जा रही है।

### ताड़ीखेत के पास पुलिया टूठने से आवाजाही ठप

**अल्मोड़ा।** रानीखेत-रामनगर-बद्रीनाथ स्टेट हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई। ताड़ीखेत के पास शनिवार देर रात पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण रामनगर समेत तमाम गावों का रानीखेत और ताड़ीखेत ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। स्टेट हाईवे से हजारों यात्री चारधाम यात्रा के लिए आवाजाही करते है। सड़क से रोजाना कई माल वाहक ट्रक, सैकड़ों टैक्सी वाहनों का संच. ालन होता है। कई गावों के ग्रामीणों का उपचार के लिए ताड़ीखेत और रानीखेत आना जाना होता है। मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# क्रिकेट: गुरुड़ाबाज लायंस और शिव शक्ति ने जीते मुकाबलें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में विक्टोरिया प्रीमियर लीग जारी है। रविवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आबिद अली खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने जीवन में हमेशा स्वस्थ रहने के लिए खेल के प्रति समर्पण को अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया। तीसरे दिन का पहला मैच अल्मोड़ा सर्विसेस व गुरुड़ाबाज लायंस के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर अल्मोड़ा सर्विसेस ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अल्मोड़ा



सर्विसेस ने 18.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 133 रन बनाएं, लक्ष्य का पीछे करने उतरी गुरुड़ाबाज लायंस की टीम ने 13.2 ओवरों में ही 5 विकेट खोकर 134 रन बना कर मैच जीत लिया। वही दूसरा मैच शिव शक्ति व वेद वारियर्स के बीच खेला गया, जिसमें वेद वारियर्स ने टॉस जीतकर कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी शिव शक्ति की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 232 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेद वारियर्स की टीम ने सभी विकेट खोकर 14.4 ओवरों में 130 रन बना सकी। शिव शक्ति ने 102 रनों से मैच जीत। यहां विक्टोरिया क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, सचिव जगदीश चौहान, उपाध्यक्ष ललित कनवाल, कोषाध्यक्ष रोहित भट्ट, गौरव कुमार, दीप चंद्र जोशी, पप्पू जोशी, अनिल कनवाल, सूरज परिहार, संजय वर्मा, कैलाश मेहरा, संगम पांडे आदि रहे।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा से पिथौरागढ़ को जा रहा पिकअप जागेश्वर के झांकरसैम के पास अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई है। पुलिस मीडिया सेल से रविवार शाम करीब 05 बजे मिली जानकारी के अनुसार वाहन अल्मोड़ा से टेलीकाम कंपनी के टावर लगाने को सामान लेकर पिथौरागढ़ जा रहा था। जिसमें चालक अमित कुमार और सोनू सवार थे। लेकिन झांकरसैम के पास चालक अमित वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित पिकअप सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों और पुलिस टीम ने घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल चालक अमित कुमार निवासी ग्राम समाना जिला हापुड़ को मृत घोषित कर दिया। घायल सोनू कुमार निवासी ग्राम अतरौली गाजियाबाद का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# पार्षदों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर की तीन सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को पार्षदों ने बैठक कर लंबे समय से समस्याओं का समाधान नहीं होने पर नाराजगी जताई। नाराज पार्षदों ने जल्द तीन सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर अनशन पर बैठने की चेतावनी दी। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में पार्षदों ने कहा कि बीते दिनों निगम की बोर्ड बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करने के साथ ही जल्द कार्रवाई की मांग उठाई थी, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने पर भी अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे पार्षदों में रोष व्याप्त है। पार्षदों ने नगर आयुक्त व लेखा अधिकारी की नियुक्ति करने, निर्माण कार्यों से संबंधित बजट की



स्वीकृति व क्रियान्वयन करने समेत लावारिस पशुओं व बंदरों को पकड़ने के लिए बजट का आवंटन करने की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर तीन सूत्रीय मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त पार्षद निगम के खिलाफ क्रमिक अनशन में बैठने को बाध्य होंगे। बैठक में पार्षद वैभव पांडे, कमला किरोला, नवीन चंद्र आर्य, विजय भट्ट, जानकी पांडे, चंचल दुर्गापाल, अंजू बिष्ट, मधु बिष्ट, मुक. ेश कुमार डैनी, अधि. रोहित कार्की, कुलदीप मेर, प्रदीप कुमार, गुंजन सिंह चम्याल, दीपक कुमार, अनूप भारती, इंतखाब कुरैशी, हेम तिवारी, विकास कुमार, भूपेंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### झांकी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह

**अल्मोड़ा।** श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर रानीखेत की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी झांकी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शिव मंदिर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का मुख्य अतिथि डा. ओपीएल श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। आयोजकों ने बताया कि झांकी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में मां नंदा देवी क्लब प्रथम, जय बजरंग बली द्वितीय व जय महाकाल क्लब तृतीय स्थान पर रही। वहीं, सीनियर वर्ग में प्रकृति क्लब प्रथम, कर्ण ग्रुप और जय राधे क्लब संयुक्त रूप से द्वितीय व महादेव क्लब ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी अव्वल रही टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यहां विशिष्ट अतिथि सीएस जैन, बीना जैन, महेश भट्ट, मीना भट्ट, हर्षवर्धन पंत, जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद राम चंद्र मराठा, सोनू सिद्दीकी, गौरव भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता हैं कि विकास अरोड़ा पुत्र लक्ष्मण दास निवासी निकट आईसीआईसीआई बैंक किच्छा उधम सिंह नगर उत्तराखंड के स्वामित्व और कब्जे वाली अंचल संपत्ति जो की खसरा नंबर 244 MI वार्ड नं 3 किच्छा उधम सिंह नगर में स्थित है।
इस संबंध में उपरजिस्ट्रार किच्छा में दिनांक 17.11.2011 को बही संख्या 1 जिल्द 766 पृष्ठ 343-370 क्रम संख्या 9108 पर दारा सिंह पुत्र सेवा सिंह के पक्ष में पंजीकृत पूर्व मूल विक्रय विलेख खो गया है और उसका पता नहीं चल पा रहा है। इसके अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक शाखा कार्यालय किच्छा जिला यू.एस. नगर उत्तराखंड उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। यदि किसी व्यक्ति या प्राधिकरण उपरोक्त संपत्ति पर कोई हित/ अधिकार/बिक्री अनुबंध/बंधक/प्रभार या अन्यथा, चाहे किसी भी प्रकार का कोई दावा हो तो उसे किसी भी दावे और/या आपत्ति के लिए इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर बैंक को सूचित करना आवश्यक है अन्यथा इसे माफ और त्याग दिया गया माना जाएगा और यह किसी भी परिस्थिति में पंजाब नेशनल बैंक के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि प्रवेश अरोड़ा पुत्र लक्ष्मण दास निवासी वार्ड नं. 2, आजाद नगर, सोनेरा, किच्छा, उधम सिंह नगर उत्तराखंड के स्वामित्व वाली और कब्जे वाली अंचल संपत्ति जो की खसरा नंबर 244 MI किच्छा वार्ड न. 3 उधम सिंह नगर में स्थित है।
में दिनांक 23-08-1988 को बही संख्या 1 जिल्द इस संबंध में उपरजिस्ट्रार हल्दवानी 615/617 पृष्ठ 254/256 क्रम संख्या 1414 पर गुरदयाल सिंह और महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र ख्याली राम के पक्ष में पंजीकृत पिछला मूल विक्रय विलेख और उपरजिस्ट्रार किच्छा में दिनांक 04-11-2011 को बही संख्या 1 जिल्द 753 पृष्ठ 397-416 क्रम संख्या 8779 पर सुखविंदर सिंह पुत्र दलवीर सिंह के पक्ष में पंजीकृत पिछला मूल विक्रय विलेख और उपरजिस्ट्रार किच्छा में दिनांक 16-08-2012 को बही संख्या 1 जिल्द 1100 पृष्ठ 145-160 क्रम संख्या 7920 पर दारा सिंह पुत्र सेवा सिंह के पक्ष पंजीकृत पिछला मूल विक्रय विलेख खो गये हैं और जिनका पता नहीं चल पा रहा है। इसके अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक शाखा कार्यालय किच्छा जिला यू.एस. नगर उत्तराखंड उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। यदि किसी व्यक्ति या प्राधिकरण उपरोक्त संपत्ति पर कोई हित/अधिकार/बिक्री अनुबंध /बंधक / प्रभार या अन्यथा, चाहे किसी भी प्रकार का कोई दावा हो तो उसे किसी भी दावे और/या आपत्ति के लिए इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर बैंक को सूचित करना आवश्यक है अन्यथा इसे माफ और त्याग दिया गया माना जाएगा और यह किसी भी परिस्थिति में पंजाब नेशनल बैंक के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।

# पिता का हत्यारा बेटा गिरफ्तार

## पारिवारिक कलह बनी रिटायर्ड फौजी की हत्या की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भवाली।** पैसों के लेकर हुए विवाद के बाद फौजी बाप को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त डंडा और लोहे की पट्टर भी बरामद कर ली है। आरोपी ने इसी से अपने बाप को मार मार की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



जानकारी के अनुसार (65) राज. कुमार सदाशंकर सेना से सेवानिवृत्त है और वह 2011 से अपने 30 वर्षीय इकलौते बेटे सचिन सदाशंकर के साथ भवाली के नगारी गांव में रहता है। बताया जा रहा कि वर्ष 2016 में फौजी राजकुमार सदाशंकर की पत्नी की मृत्यु हो गई थी। बीते शनिवार को राजकुमार सदाशंकर का शव खून से लथपथ मिला। पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटना के बाद से मृतक का बेटा सचिन फरार था। वहां मृतक राजकुमार सदाशंकर की भतीजी और अन्य परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनके ही बेटे सचिन सदा शंकर ने अपने पिता को गुस्से में आकर बुरी तरह पीटा जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को आरोपी बेटे सचिन सदाशंकर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त खून से सना बांस का डंडा और लोहे की पट्टी भी बरामद की ली है। पूछताछ में आरोपी बेटे सचिन सदाशंकर ने बताया कि वह अपने पिता का इकलौता बेटा है और दोनों एक ही मकान के अलग हिस्सों में रहते थे। वर्ष 2016 में उसकी मां की मृत्यु हो गई थी, जिसका दोष भी वह अपने पिता की लापरवाही को मानता था। आरोपी ने बताया कि उसके पिता अक्सर उसे ताने देते थे और बेरोजगार होने के कारण उसके खर्चों पर सवाल उठाते रहते थे। घटना वाले दिन भी उसके पिता ने 40,000 रुपये के खर्च का हिसाब मांगा, जिस पर झगड़ा बढ़ गया और गुस्से में आकर उसने अपने पिता पर डंडे और लोहे की पट्टी से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह मेहरा, एसआई राजवीर नेगी, एएसआई लेखराज कंबोज, कांस्टेबल संजय कुमार, रमेश कुमार शामिल रहे।

### शिक्षिका से छेड़छाड़

**हल्द्वानी।** निजी स्कूल में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका से शनिवार रात स्कूटी सवार युवकों द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना उस समय की है जब शिक्षिका अपने परिवार के साथ रिश्ते की बहन का जन्मदिन मनाकर भुजियाघाट से लौट रही थीं। शिक्षिका के भाई ने स्कूटी सवार युवकों की पीटाई कर दी जिससे स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लागते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। जानकारी के अनुसार कठघरिया निवासी शिक्षिका ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते शनिवार रात वह अपनी बहन का जन्मदिन मनाकर परिवार के साथ लौट रही थीं। रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक उनकी कार का पीछा करने लगे और अभद्र टिप्पणियां करने लगे। तभी शिक्षिका का भाई कार से उतारा और स्कूटी सवार युवकों बुरी तरह से पीट दिया। जिससे स्कूटी सवार युवक घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घायल युवक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में सारे आरोपों को निराधार बताया तो वहीं शिक्षका ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

# दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद मौत, हत्या की आशंका

## सुबह से गायब युवक का शव हल्दूचौड़ देवरामपुर गेट पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** शनिवार को सुबह घर से निकला युवक देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिला। युवक का शव हल्दूचौड़ में देवरामपुर गेट के पास मिला। पास में शराब की बोतल और गिलास पड़े थे, लेकिन मृतक का मोबाइल फोन गायब था। जिसको लेकर हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। हालांकि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगी। जानकारी के अनुसार बमेठा बंगर केशव नारायणपुरम कालोनी हल्दूचौड़ निवासी (45) सूरज सिंह पुत्र हीरा सिंह यहां दो बच्चों व परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा कि पहले वह गौला में खनन वाहन चलाता था और वर्तमान समय में टेंपो चला कर परिवार का गुजर-बसर करता था। बीते शनिवार की सुबह ही सूरज घर से निकल गया था और फिर लौट कर घर नहीं आया। देर शाम तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। सूरज का शव हल्दूचौड़ स्थित देवरामपुर गेट के पास पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जाता है कि सूरज के शव के पास शराब की बोतल और कुछ गिलास पड़े थे। परिजनों का कहना है कि सूरज के पास मोबाइल फोन भी था, जो गायब है। हालांकि, मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगी की मौत किन कारणों से हुई है।

### व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार को यूएसनगर से हल्द्वानी बच्चों व पत्नी से मिलने के लिए आए एक व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। आनन-फानन में व्यापारी को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पारिवा. रिक विवाद के बाद जहर खाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने व्यापारी के शव का पोस्टमार्टम करावाकर शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जसपुर यूएसनगर निवासी 45 वर्षीय विकास कुमार पेशे से एक व्यापारी था और जसपुर में ही व्यापार करता था। जबकि व्यापारी विकास की पत्नी अपने बच्चों के साथ मुखानी क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है, और एक स्कूल में शिक्षिका हैं। बताया जाता है कि शनिवार की शाम विकास अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए हल्द्वानी आया हुआ था। बीते शनिवार की रात को संदिग्ध परिस्थितियों में विकास ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। विकास की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने व्यापारी के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### 20 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने एक इंजेक्शन तस्कर को 20 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चैकिंग कर रही थी तभी एक स्कूटी संख्या यूके04एजी-4490 को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 20 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम अनस अंसारी पुत्र खलील उर रहमान निवासी वार्ड नंबर-21 बड़ी रोड इंदिरानगर बनभूलपुरा बताया।

# विकास के लिए जरूरी है सामाजिक समरसता

## सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुईं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने विकास के लिए सामाजिक समरसता को आवश्यक बताया। रेखा आर्य ने रविवार को हल्द्वानी के गौलापार स्थित पर्वत पब्लिक स्कूल में आयोजित सामाजिक समरसता सहभोज कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि समाज को जोड़ना सभी की जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सामा. जिक समरसता हर युग की आवश्यकता रही है और मौजूदा समय में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने अपनी नीतियों के जरिए सामाजिक समरसता को धरातल पर उतारने का काम किया है। रेखा आर्या ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा रचित संविधान मूलत सामाजिक समरसता स्थापित करने वाला ग्रंथ है और हम सभी को हर तरह के भेदभाव को अस्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं और समान नागरिक सं. हता के जरिए प्रदेश सरकार ने महिलाओं से हो रहे भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता कायम की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मुकेश वोरा, शंकर कोरंगा, भगवान गिरी महाराज, दीप्ति रावत, आनन्द दरम्वाल, सुरेन्द्र लोटनी, पान सिंह मेवाड़ी, बचे सिंह आदि उपस्थित रहे।



# ऑनलाइन सूट लौटाना पड़ा महंगा, महिला के खाते से उड़ गए डेढ़ लाख रुपये

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन शॉपिंग तो आसान है, लेकिन अगर उत्पाद पसंद न आए और उसे लौटाना हो, तो गूगल पर कस्टमर केयर नंबर ढूंढना भारी पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां एक महिला को मीशो ऐप से खरीदा गया लेडीज सूट 1.49 लाख रुपये में पड़ गया, जब उन्होंने उसे रिटर्न करने के लिए गूगल से नंबर खोजा। ठगी का एहसास होने पर पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार बेड़ापोखरा पंचायतघर निवासी एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उन्होंने 5 अगस्त को मीशो ऐप से एक लेडीज सूट ऑर्डर किया था। जब सूट घर पहुंचा, तो वह पसंद नहीं आया और महिला ने 12 अगस्त को उसे रिटर्न करने का निर्णय लिया। रिटर्न के लिए उन्होंने गूगल पर मीशो कस्टमर केयर नंबर सर्च किया और जो नंबर मिला, उस पर कॉल कर दिया। महिला ने बताय कि कॉल रिसीव करने वाले फर्जी कस्टमर केयर एजेंट ने महिला को व्हाट्सएप कॉल करने को कहा। बातचीत के दौरान उसने मोबाइल की स्क्रीन शेयर करने को कहा। महिला उसकी बातों में आती गई और निर्देशानुसार कुछ ऑप्शन पर क्लिक किया और फिर मोबाइल नंबर के आखिरी 5 डिजिट दर्ज करने को कहा। महिला ने बताया कि उसके तुरंत बाद बैंक खाते से 1,49,775 रुपये कट गए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई।

# हृदय में भगवान के प्रति श्रद्धा रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा हर-श्याम बिहार छोटी मुखानी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आज विधिवत पूर्णाहुति, कथा महात्म्य एवं प्रसाद वितरण के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि यह दिव्य ग्रंथ समस्त पुराणों का सार है। इसका श्रवण करने से जन्म-जन्मान्तर के पाप नष्ट होते हैं तथा मनुष्य के हृदय में भगवान के प्रति श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य की स्थापना होती है। श्रीमद्भागवत कथा जहां भी होती है, वहाँ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ सहज रूप से प्राप्त होते हैं। इससे पूर्व नित्य पूजन हवन पूर्णाहुति हुई, पूजन कार्य विद्वान पंडित संतोष जोशी, कमल जोशी जी द्वारा सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के उपरांत भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।



बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा पांडाल में मौजूद होकर दिव्य वातावरण में सराबोर हुए। हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संस्थापक अध्यक्ष निर्मला रूवाली के द्वारा ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित स्थानीय जनता का सफल आयोजन हेतु बधाई के साथ आभार जताया। इस मौके पर हेम पंत, हर्ष वर्द्धन पांडे, प्रकाश जोशी, नीरज वार्ष्णेय, भरत गुणवंत, तन्मय गुणवंत, पारस रूवाली, नीमा रूवाली मौजूद रहे।

# 240 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव धर्म के प्रणेता सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज के पावन जन्मोत्सव पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 240 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया पटेल क्लिनिक के डाक्टर एचपी पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा ईसीजी कोलेस्ट्रॉल शुगर ब्लड प्रेशर यूरिक एसिड आंखों की जांच निशुल्क रूप से की गई उचित परामर्श दिया गया। रविवार को कमलुवागांजा रोड हरी नगर कुसुमखेड़ा उषा रूपक कॉलोनी स्थित मानव धर्म आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप एवं सद्भावना शिविर का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री महेश शर्मा, भारतीय वीर सैनिक स्कूल के प्रबंधक वसंत पांडे मानव धर्म आश्रम की प्रबंधक प्रचारिका बाई जी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन अजय उप्रेती द्वारा किया गया। इस मौके पर भुवन चंद भट्ट, घनश्याम रस्तोगी, ज्वाला दत्त पाठक, महेश चंद्र पांडे, प्रेमचंद जोशी, भुवन चंद्र उप्रेती, किशन उप्रेती, राधे राम आर्य, गोपाल सिंह नेगी, अमर सिंह भदोरिया, रमेश सुयाल, शंभूदत्त नैनवाल, बंशीधर अंडोला, कुंवर सिंह रौतेला, लक्ष्मण सिंह रावत, गणेश उप्रेती, प्रेमलता बिष्ट, रेखा बिष्ट, जया नयाल, खष्टी बिष्ट, श्वेता शर्मा मौजूद रहे।



# कुमाऊं के आठ जिलों की कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कुमाऊं मंडल के आठ जिलों की जिला कार्यकारिणियों की कार्यशाला हल्द्वानी में संपन्न हुई जिसमें पिथौरागढ़, बागेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा, नैनीताल, उधमसिंह नगर, काशीपुर जिलों के जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री एवं जिला प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। जिला कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा द्वारा सभी जिलों एवं उनके प्रभारी को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक जिलाध्यक्ष प्रतिदिन एक नगर इकाई से संपर्क पर स्थापित करेंगे। साथ ही जिला महामंत्रियों से कहा गया कि वह प्रत्येक माह जिला कार्यकारिणी की गतिविधियों का विवरण प्रदेश महामंत्री को बताएंगे। इसके साथ ही प्रत्येक 6 माह में जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रभारी के सहयोग से करवाएंगे। कार्यशाला में तय किया गया कि अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले की उम्र करीब 40 वर्ष होनी चाहिए। जबकि महामंत्री पद के लिए 35 वर्षीय रखी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कुमाऊं मंडल प्रभारी अश्वनी छावड़ा, चन्द्र शेखर पंत, मनोज अरोरा, नवनीत राणा, रूपेन्द्र नागर, शांति जीना, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, अखिलेश सेमवाल, पवन जोशी, हरीश सोनी, शंकर लाल वर्मा, अशोक छावड़ा, गुलशन छावड़ा, जनक जोशी, नवल रावल, अनिल कार्की, मोहन सिंह नेगी, राज पांडे, विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा आदि मौजूद रहे।



# वार्ड 51 में जन जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन द्वारा रविवार को वार्ड-51 मुखानी में पॉलिथीन मुक्त वार्ड अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद मुकेश सिंह बिष्ट ने सुझाव दिया कि वार्ड 51 को एक मॉडल पॉलिथीन मुक्त वार्ड के रूप में विक. सित किया जाए ताकि अन्य वार्डों को भी प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री केके जोशी ने की। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला व संरक्षक लीलाधर पांडे ने पार्षद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संगठन अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी ने खीम सिंह बोरा का संगठन में स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर भी जागरूकता फैलाने की अपील की गई। इसके अलावा थराली व धराली के आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत सामग्री या कोष एकत्र करने का भी प्रस्ताव रखा गया। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। संचालन लक्ष्मण सिंह गौनिया व अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# नेत्रदानः डा. जीएस तितियाल हुए सम्मानित

## लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने कराया भव्य सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा रविवार को कठघरिया स्थित एक होटल के सभागार में नेत्रदान महादान विषय पर आधारित एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। इस अवसर पर हल्द्वानी में नेत्र बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डा. जीएस तितियाल और उनकी धर्मपत्नी चंद्रा तितियाल को उत्तराखंड गौरव चिकित्सा अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और सम्मान पट्टिका प्रदान की गई। सम्मान देने वालों में क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल (गोल्डी), फर्स्ट लायन लेडी अनीता अग्रवाल, निधि अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अनुज कांत अग्रवाल एवं डा. अनुज अग्रवाल प्रमुख रहे। डा. जीएस तितियाल ने कहा जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान को अपनाकर हम समाज में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए लायंस सदस्यों के सवालों का समाधान किया और सभी को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। लकी ड्रा विजेताओं में प्रेक्षा विश्नोई, विजय श्रीवास्तव, निशुल अग्रवाल, सिंपी अतिन अग्रवाल एवं पवन कुमार गुप्ता शामिल रहे, इसके अतिरिक्त अंक कार्ड प्रतियोगिता, बेस्ट टाइमिंग गेम, तोल-मोल के बोल और कपल गेम जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर अंजू अग्रवाल, विजय शर्मा, डा. अभिषेक मित्तल, मधुकर श्रुति, राकेश वर्मा, मोहित गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, प्रिया पंकज अग्रवाल, अभिनव विश्नोई, डा. मोनिका, राखी अग्रवाल, रागिनी गुप्ता, अजय गोयल मौजूद रहे।



# वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार रविवार को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय के द्वारा सरस मार्केट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम-वीवीपीएटी) वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी अधिकारियों से ली। निरिक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे, नीरज शाह, तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी से गजेंद्र पाल, आप पार्टी से जीतेन्द्र कुमार एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रमोद कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भैंस के आगे बीन बजा प्रदर्शन किया

## बागजाला में ग्रामीणों का धरना 21वें दिन भी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना हक, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, और पंचायत चुनाव बहाल करने समेत 8 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 21वें दिन भी जारी रहा। सरकार और प्रशासन की उपेक्षा से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रतीकात्मक विरोध करते हुए भैंस के आगे बीन बजाकर राज्य सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने का प्रयास किया। धरने का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी द्वारा किया जा रहा है। धरने को संबोधित करते हुए मुकेश बौद्ध ने बागजाला को राजस्व गांव घोषित करने की मांग की और कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद 21 दिनों से सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जो लोकतंत्र का अपमान है। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि जब बिंदुखत्ता से दमुआढूंगा तक के क्षेत्रों को मालिक. ाना हक देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो बागजाला को इससे बाहर क्यों रखा जा रहा है? उन्होंने समान नीति लागू करने की मांग की। धरने में विमला रौथाण, डा. उर्मिला रैस्वाल, सिराज अहमद, नवीन आर्य, संजय टम्टा, वेद प्रकाश, हरक सिंह बिष्ट, विमला देवी, पंकज चौहान, रेखा देवी, शकीला खातून सहित भीम आर्मी, भाकपा माले, स्थानीय महिला संगठन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सैकड़ों लोग शामिल रहे।



### पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रविवार को कालाढूंगी कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में गड़प्पु चौकी पर संघन चैकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान दो पहिया वाहन पर बिना हेल्मेट, तीन सवारी वालों के नगद चालान किए गए वही कई बाईकों के दस्तावेज ना होने पर कोर्ट के भी चालान किए गए वही इस दौरान चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट समता से अधिक सवारी को लेकर भी चलन प्रकिया की गई। इस दौरान कोतवाल विजय मेहता ने जनता से अपील करते हुए कहा कि परिवहन विभाग के नियमों का पालन करे वहीं उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान उनके साथ अनेक पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस की करवाई से चौकी के दोनों ओर बाईकों की लम्बी लाइन लगी दिखाई दी।

# उत्तराखंड मूल निवासी जनसभा 21 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 21 सितंबर को हल्द्वानी में आयोजित होने जा रही उत्तराखंड मूल निवासी जनसभा को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इस संबंध में पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभा की रणनीति और उद्देश्य तय किए गए। बैठक में बताया गया कि इस जनसभा का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा करना है। विशेष रूप से 5जी आरक्षण नीति जैसे मुद्दे को लागू करवाने के लिए उत्तराखंडियों को एकजुट किया जाएगा। उत्तराखंड एकता मंच के अनपू बिष्ट ने जानकारी दी कि अन्य हिमालयी राज्यों की तर्ज पर उत्तराखंड में भी 5जी आरक्षण नीति को लागू किया जाना चाहिए। यह नीति स्थानीय युवाओं को शिक्षा, रोजगार और विकास के समान अवसर देने में सहायक होगी। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह दानू ने कहा यह आंदोलन केवल आरक्षण तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य रोज़गार, भाषा एवं संस्कृति का संरक्षण, महिला सुरक्षा, तथा जल, जंगल और जमीन पर मूल निवा. सियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने जनसभा को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया। जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद की जा रही है। इस मौके पर महेन्द्र रावत, विशाल भोजक, गिरीश पाठक, मनीष भट्ट, कमल तिवारी, हर्ष जोशी, गौरव पांडे, प्रदीप देवली, दिनेश लोश्याली आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार

## संभल के उपजिलाधिकारी और उनकी पत्नी हुई घायल, हालत गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम पीरूमदारा में शनिवार की देर रात कार डिवाइडर से टकराने के कारण संभल के उपजिलाधिकारी विकास चंद्रा और उनकी पत्नी डा. दीक्षा शर्मा बुरी तरह घायल हो गयी, जिन्हें नीम करौली हॉस्पिटल पीरूमदारा में प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

शानिवार की देर रात साढ़े 11 बजे संभल एसडीएम यूपी61बी0/1253 विकास चंद्रा खुद ड्राइव करके कार द्वारा रामनगर की ओर जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर दीक्षा शर्मा भी थी।वह टीएमयू हॉस्पिटल पाकबड़े मुरादाबाद में आई सर्जन के पद पर तैनात है।पीरूमदारा में डिवाइडर से तेज गति से टकरा जाने के बाद कार ने सड़क की साइड में कई पलटी खाई इस बीच कार के सभी एयर बेग खुल गये। कार में सवार घायलों को पीरूमदारा पुलिस ने बाबा नीम करौली हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा और उनकी टीम के द्वारा दोनों पति पत्नी का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसके बाद डा. दीक्षा की गम्भीर हालत को देखते हुए काशीपुर केवीआर रेफर कर दिया गया जहां से उन्हें टीएमयू मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। डा. दीक्षा के बाएं हाथ की गम्भीर स्थिति को देखते हुए सर गंगाराम हॉस्पिटल दिल्ली रेफर कर दिया गया है।



### जब एसडीएम फेमिली के लिए डा. सिद्धार्थ शर्मा बने देवदूत

**रामनगर। संभल** एसडीएम की कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद पीरूमदरा चौकी पुलिस व स्थानीय लोगो ने घायल एसडीएम विकास चंद्रा और डा. दीक्षा शर्मा को समीपवर्ती बाबा नीम करौली मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचाया तो वहां के डायरेक्टर डा. सिद्धार्थ शर्मा व उनकी टीम ने बिना देर किए उपचार शुरू करके दोनो की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। डा. सिद्धार्थ के अनुसार एयरबेग के खुल जाने के कारण एसडीएम कम चोटिल हुए लेकिन डा. दीक्षा का बांया हाथ बुरी तरह घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद डा. शर्मा ने अपनी एलबुलेंस से दोनो को पहले काशीपुर और उसके बाद फिर मुरादाबाद भिजवाया गया।

वहीं आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगो मे शासन प्रशासन पर पीरूमदारा व टांडा में डिवाइडर के लिए साइन बोर्ड नहीं लगाए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि डॉक्टर विकास चंद्र संभल उत्तर प्रदेश में एसडीएम है। वह अपनी पत्नी के साथ रामनगर आ रहे थे। पीरूमदारा में डिवाइडर से कार टकरा गई थी। उन्होंने बताया कि नीम करौली अस्पताल में दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## 25 किलो गांजा सहित तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को कार में 25 किलो गांजा ले जाते गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस एवं एसओजी टीम रात्रि में चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एककार सवार चालक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर जब उसने वापस जाने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर कार को रोक लिया।

कार चालक को पकड़कर जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें करीब 25 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा व कार कब्जे में लेकर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कर लिया।

## एक नजर

### पंजाब में बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए जसपुर क्षेत्र वासी/सामा. जिक संगठन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच जानी मानी सामाजिक संस्था पैगाम ए अमन वैलफेयर सोसाइटी ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद को खाद्य सामग्री भेजी है।

संस्था के अध्यक्ष रिजवान अहमद ने बताया कि द्वारा सोसाइटी द्वारा पंजाब में पीड़ितों की मदद के लिए दो कुंटल चावल, 10 किलो के 20 कट्टे आटे के जसपुर गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी को सौंपे। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में समाज के हर वर्ग को मिलकर पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने इसे मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का कर्तव्य बताया। इस मौके दौरान अबरार अली, आलिम खान, महबूब अली, के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के कुलदीप सिंह सतनाम सिंह, लखवीर सिंह, अपार सिंह मौजूद रहे।

## मझराशीला में अवैध अतिक्रमणक को खाली करने का नोटिस जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिंचाई खंड के जिलेदार ने नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश**

**गदरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मझराशीला में सिंचाई विभाग की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर सिंचाई विभाग हरकत में आ गया। विभाग ने नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मजरा शीला में स्थित नहर पर ग्राम के ही एक व्यक्ति के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से लेकर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के अलावा सिंचाई विभाग को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायत का संज्ञान लेकर कुछ दिन पूर्व विभागीय अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया था। शिकायतों को लेकर सिंचाई विभाग हरकत में आया और सिंचाई खंड के जिलेदार ने अतिक्रमणकारी मखदूम पुत्र शब्बीर अहमद को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट रूप से दिया गया है कि यदि 15 दिन के भीतर अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया अलंकरण समारोह



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अलंकरण समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को अनेकों उत्तरदायित्व पूर्ण पद प्रदान किए गए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य ने आदित्य गड़कोटी और आकांक्षा बिष्ट को विद्यालय कप्तान का पद प्रदान किया।

11वीं कक्षा के मयंक पंत और मानसी आनंद को पाठ्य सामग्री क्रियाओं के प्रमुख का पद, स्वच्छता राजदूत का दायित्व अविका भट्ट तथा अनुशासन प्रमुख का दायित्व आर्यन चुफाल को दिया गया। इसी क्रम में विद्यालय के उप कप्तान बालक वर्ग में सौरभ कुमार तथा बालिका वर्ग में आयशा बिष्ट को चुना गया।

वहीं शिवाजी सदन के कप्तान के रूप में पवन पांडेय और सानवी बसेरा, टैगोर सदन के कप्तान अभिजीत सिंह राना एवं प्रियंका मौर्य तथा अशोक सदन के कार्तिक और अंशिका राणा को सदन प्रमुख बनाया गया। अभिनव भारत सिंह तथा आंचल को रमन सदन का प्रमुख नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने छात्रों को उनके पद और दायित्व की जानकारी दी और कर्तव्यनिष्ठता से कार्य करने हेतु उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हरप्रीत कौर ने किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह रावत, नकुल चंद देउपा, गौरव तिवारी तथा भावना उपाध्याय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## बुक्सा समाज के आराध्य राजा जगत देव की प्रतिमा खंडित होने पर लोगों में रोष

- प्रतिमा खंडित मामले में पुलिस के हाथ छः माह बाद भी खाली
- रविवार को नाराज बुक्सा समाज ने प्रदर्शन कर जताया विरोध





शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** बुक्सा समाज के आराध्य राजा जगत देव की प्रतिमा को खंडित करने के मामले मे घटना का खुलासा करने के बजाय पुलिस प्रशासन मुकदर्शक की भूमिका निभा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि घटना को करीब छः माह का लम्बा समय बीत चुका है। जबकि ऐसे मे घटनाक्रम के खुलासे और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा था तो वहीं भाजपा ने धरना देकर कार्यवाही की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद कानून के लंबे हाथ आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचना तो दूर पुलिस घटना को अंजाम देने वालों का सुराग लगाने में भी पूरी तरह से नाकाम रही और मुकदर्शक की भूमिका निभा रही है। जिससे बुक्सा समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति लगातार रोष बढ़ता जा रहा है।

रविवार को बुक्सा जनजाति कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने भरी दोष प्रकट किया। स्वरूप सिंह ने बताया कि जल्द ही अगर प्रशासन मामले का खुलासा नहीं करता है तो वह धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। विदित हो कि बुक्सा जनजाति के आराध्य राजा जगत देव की प्रतिमा को कुछ अराजक तत्वों के द्वारा खंडित कर दिया गया था। अपने आराध्य की प्रतिमा को इस हाल में देख बुक्सा समाज का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। घटना की जानकारी मिलने पर राजनेतिक दल भी पीछे नहीं रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में कूद पड़ी। सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो वहीं विपक्षी कांग्रेस भी पीछे नहीं रही कांग्रेस ने आरोपी षड्यंत्रकारियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सोपकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन इसके बावजूद भी छोटे-मोटे खुलासे कर खुद की पीठ थपथपाने वाला पुलिस प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय हाथ पैर हाथ धरे बैठा है। जबकि घटना को एक लंबा समय बीत चुका है। प्रदर्शन करने वालों में क्रांति प्रधान नंदपुर, भगवती देवी रूपपुर, सुमन आबादनगर, लक्ष्मी देवी, सतुना वाला झगड़पुरी, कविता खेमपुर, मौसमी कोपा, गीता कुल्हा, विजय सिंह ढीमरखेड़ा, प्रीतम सिंह राजपुर फतेहगंज के अलावा सुखदेव सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिंह, आकाश सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।

घटनाक्रम के खुलासे को लेकर लगभग 100 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
**विजेंद्र कुमार**
**चौकी प्रभारी गूलरभोज**

## आइकन विद्यालय में हुआ शिक्षक दिवस पर समारोह



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर देव होम्स स्थित (Icon Nurturing Innocense Rudrapur) में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने प्यारे टीचर्स को फूल, कार्ड और प्यारे-प्यारे शब्दों से 'हैप्पी टीचर्स डे' कहा। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहने और मंच पर आकर गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय को गुब्बारों, पोस्टरों और फूलों से सजाया गया था। पूरा माहौल बहुत ही रंगीन और खुशी से भरा हुआ था। प्राचार्य ने बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और कहा, बच्चों की मुस्कान ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम के अंत में टीचर्स को बच्चों द्वारा बनाए गए कार्ड और गुलदस्ते भेंट किए गए। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति ने समारोह को और भी विशेष बना दिया।

## विधायक ने लगाई राशन डिपो संचालक को फटकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने आज ट्रांजिट कैम्प में दुर्गा मंदिर के सामने स्थित राशन डिपो के समक्ष राशन लेने आए सैकड़ों राशन कार्डधारकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रुद्रपुर ट्रांजिट कैम्प में आबादी को देखते हुए शीघ्र ही कम से कम छह नये राशन डिपों खोले जाएंगे। इसके लिए वह शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।

रविवार प्रातः जब वह ट्रांजिट कैम्प में दुर्गा मंदिर के सामने स्थित राशन डिपो के सामने से होकर गुजरे तो उन्होंने लोगों की लम्बी लाईन लगी देखी। वाहन से उतर कर उन्होंने पता किया तो मालूम हुआ कि यहां सैकड़ों लोग जिनमें महिलाओं की संख्या भी कॉफी होती है, प्रातः 4 बजे से ही राशन लेने के लिए लाईन पर लग जाते हैं। तमाम लोगों द्वारा उन्हें बताया गया कि वह अपनी नौकरी से छुट्टी लेकर यहां राशन लेने आते हैं। कई बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बिना राशन लिए वापस जाना पड़ता है। इससे उन्हें नुकसान होता है। विधायक शिव ने राशन डिपो संचा. लक को फटकार लगाकर जब इस बारे में जवाब तलब किया तो उसने बताया कि डिपो में लगभग साढ़े छह हजार राशन कार्ड हैं। राशन आने पर यहां सैकड़ों लोगों की लाईन लग जाती है, जिससे सभी लोगों को एक दिन में राशन देना मुश्किल हो जाता है। उसने बताया कि कई बार लोग उनसे अभद्रता पर भी उतारू हो जाते हैं। बावजूद इसके वह प्रतिदिन नियमित रूप से तब तक राशन वितरित करते रहते हैं।

जब तक दुकान में राशन मौजूद होता है। विधायक ने डिपो संचालक को दुकान खुलने व बंद होने का समय बोर्ड पर लिखने और सभी को राशन देने को कहा। उन्होंने कहा कि राशन उपभेक्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नशे के इंजेक्शनों के साथ एक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा उन्मूलन अभियान के तहत पुलभट्टा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक युवक को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा सभी जनपदों को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेश, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्रधिकारी सितारगंज के निर्देशन में पुलभट्टा पुलिस द्वारा शनिवार की रात पुराना बरेली रोड तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने भानुप्रताप पुत्र लीलाधर (32 वर्ष), निवासी ग्राम दमखोदा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली व हाल निवासी सीरभ होटल के सामने हल्द्वानी को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से ब्रूफेन के 05 पत्तों में कुल 24 इंजेक्शन तथा एक फेरना मिलेट मिलेट एविल इंजेक्शन की 25 शीशियां बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हल्द्वानी में ऑटो चलाता है और स्वयं नशे का आदी है। वह अन्य नशेड़ियों को भी इंजेक्शन बेचता था। आरोपी ने कबूल किया कि यह नशीले इंजेक्शन वह बहेड़ी स्टेशन से अरमान नामक व्यक्ति से लाता था।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड हेतु भेजा है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक धीरज वर्मा, उपनिरीक्षक प्रताप सुयाल, कांस्टेबल दीपक बिष्ट व कांस्टेबल विजय सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानक. री जुटाई जा रही है।

## सिटी कान्वेंट स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा सिटी कॉन्वेंट स्कूल में एक रोमांचक शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न स्कूलों से लगभग सौ बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता उच्च वर्ग और जूनियर वर्ग में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में उच्च वर्ग में डायनेस्टी स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र निखिल जोशी तथा शिक्षा भारती स्कूल के तनुज पोखरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निम्न वर्ग में डायनेस्टी पब्लिक स्कूल के अभ्युदय ने पहला स्थान और सर्राफ पब्लिक स्कूल की छात्रा क्रिस्टल बत्रा ने दूसरा स्थान हासिल किया।

लायंस क्लब खटीमा सिटी के अध्यक्ष हरमिक सिंह, सचिव विवेक अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राहुल कंसल, लॉयन जितेंद्र बत्रा और अन्य पदाधिकारियों ने विजेताओं को नगद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वहीं क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अनुशासन, धैर्य और रचनात्मक सोच विकसित होती है। लायंस क्लब ने घोषणा की कि आने वाले दिनों में और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। समारोह में सिटी कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, प्रधानाचार्य श्रीमती शुभ्रा सक्सेना, क्लब के क्लेस्ट अध्यक्ष नरेंद्र रौतेला, लॉयन संजय गुप्ता और लॉयन विनीत गुप्ता भी उपस्थित थे।

## बेकाबू स्कार्पिओं ने दरोगा की कार को उड़ाया

- रम्पुरा चौकी में तैनात दरोगा प्रियांशु जोशी हुए घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बिना नंबर की स्कार्पिओ कार ने रम्पुरा चौकी में तैनात दरोगा की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दरोगा प्रियांशु जोशी घायल हो गये। घायल दरोगा को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रम्पुरा चौकी में तैनात एसआई प्रियांशु जोशी अपनी आई-20 कार संख्या यूके 03ए 5252 पर किसी काम से जा रहे थे। गावा चौक के पास बिना नंबर की तेज रफ्तार स्कार्पिओं ने दरोगा की कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दरोगा की कार हवा में पलटी खाती हुई डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में दरोगा प्रियांशु जोशी घायल हो गये। उन्हें लोगों ने निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद स्कार्पिओं में सवार चार लोग वाहन को भगाकर ले जा रहे थे, पुलिस ने कार संवार एक व्यक्ति को वाहन सहित हिरासत में ले लिया।

## विधायक ने ट्रांजिट कैम्प थाने के पास विधायक निधि से स्वीकृत ठण्डे पानी के प्याऊ का किया शुभारम्भ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने विधानयकनिधि से स्वीकृत ट्रांजिट कैम्प थाने के पास ठंडे पानी के प्याऊ व टीन शेड के निर्माण कार्य का फीता काटकर लोकार्पण कर प्याऊ को ट्रांजिस्ट कैम्प क्षेत्र के लोगो को समर्पित किया।

विधायक शिव अरोरा बोले भीषण गर्मी मे राहगीरों व ट्रांजिट कैम्प थाने में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते है, जिनके पीने हेतु शुद्ध ठंडा जल उपलब्ध हो जोकि एक अति मानवीय कार्य है किसी प्यासे को पीने को पानी उपलब्ध हो इससे बढ़ के समाज की सेवा मे क्या हो सकता है। रोड, नालियें हर क्षेत्र में बनती आ रही हैं मगर जब गर्मी अपने चरम पर होती है तो लोगों को राह चलने वाले पीने के पानी के लिए तरस जाते हैं, जिसको देखते हुए हमने विधायक निधि से चार स्थानों पर पीने के पानी का प्याऊ लगाने का निर्णय लिया है। इस दौरान जिला महामंत्री तरुण दत्ता, राजकुमार साह, अजीत साह, धीरेज गुप्ता, पवन राणा, कैलाश राठौर, शंकर विश्वास, राधेश शर्मा, शंकर विश्वास, डी के गंगवार, दिलीप अधिकारी, तारक सरकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### कच्ची शराब के साथ एक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि कुलदीप सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी करैलपुरी रामनगर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से शराब खाम बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी कुलदीप सिंह के द्वारा लगातार कच्ची शराब बेचने और बड़े पैमाने पर तस्करी करने की शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर लगाम लगाने और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा कुलदीप सिंह के घर के पीछे खेतों से शराब खाम से भरे 06 ट्यूब कुल 180 लीटर शराब खाम बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया मुस्लिम समाज



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बाजपुर शहर जामा मस्जिद कमेटी ने सराहनीय कदम उठाते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा को 50 हजार की धनराशि भेंट की।


कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि इंसानियत का तकाजा है कि हर सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहें। बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को देखते हुए मुस्लिम समाज ने यह योगदान किया है, ताकि उनकी सहायता में उपयोग लाया जा सके। इस अवसर पर शहर जामा मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी मुनव्वर अली, सरताज अली, तनवीर खान उर्फ गुड्डू, मोहम्मद असलम, जैनुल, इदरीस अहमद, ज्ञानी हरदयाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सर्राफा परिवार ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों की मदद के लिए गदरपुर के प्रतिष्ठित सर्राफा कारोबारी का परिवार भी अब मदद के लिए आगे आ गया है। उन्होंने रविवार को गदरपुर गुरुद्वारा में पहुंचकर गुरुद्वारा कमेटी को ढाई लाख रुपये की नगद सहयोग राशि देकर उसे स्वीकार करने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर के प्रतिष्ठित सराफा कारोबारी आनंद ज्वेलर्स के स्वामी प्रेम सचदेवा व उनके भाई आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी सुरेंद्र सचदेवा रविवार सायं को गदरपुर गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचे, जहां उन्होंने सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक व उनकी टीम को ढाई लाख रुपये की नगद धनराशि देते हुए कहा कि उनकी ओर से यह छोटी सी भेंट पंजाब में बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के लिए है। आनंद ज्वेलर्स के स्वामी प्रेम सचदेवा ने बताया कि बाढ़ के पानी ने पंजाब में बहुत तबाही मचाई है। कई गांव डूब गए, लोगों की फसलें बर्बाद हो गईं, तो वहीं 40 से ऊपर लोगों की जान भी गई है। पूरा देश इस समय पंजाब के लिए दुआएं कर रहा है। वहीं सुरेंद्र सचद. वा ने बताया कि पंजाब में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और जिस तरह की परिस्थितियां में वहां के लोगों रह रहे हैं मैं उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं भगवान उन सभी को इस आपदा से जल्द राहत दे। यहां रवि सचद. वा, गुरुद्वारा सिंह सभा से नरेंद्र ग्रोवर, विक्रम गोरिया, दर्शन सिंह सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।



## अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट डालना युवक को पड़ा भारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक का सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल होने का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने नानकमत्ता पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान श्मशान घाट क्षेत्र से आरोपी युवक बंटी सिंह पुत्र स्व. गुरनाम सिंह निवासी ग्राम धूमखेड़ा को अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, मनोज जोशी, सिपाही नवीन जोशी शामिल है।

# बाजपुर चीनी मिल में करोड़ों की गड़बड़ी

- ऑडिट रिपोर्ट ने खोले राज, जीएसटी से लेकर कार खरीद तक में अनियमितताएं
- बाजपुर चीनी मिल में करोड़ों का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** 20 जून उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. द्वारा कराए गए ऑडिट ने बाजपुर चीनी मिल की वित्तीय कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। मि. राजन सिंह एण्ड एसोसिएट्स, नई दिल्ली की मार्च 2025 तक की रिपोर्ट में करोड़ों की गड़बड़ियाँ सामने आई हैं।

डीडीए ट्रेडर्स से लाखों का सामान बिना जीएसटी टैक्स चुकाए खरीदा गया। कई कंपनियों के भुगतान पर भी जीएसटी टीडीएस की कटौती नहीं की गई। वर्ष 2024 में लोन पर खरीदी गई कार की गलत जर्नल एंट्री कर वित्तीय गड़बड़ी की गई। स्टोर परचेज रिटर्न को डेबिट नोट की बजाय जर्नल वाउचर से निपटाया गया। टीडीएस की अनदेखी: Thermo Fab Engineers और Steel Authority of India Ltd को किए गए भुगतान में अनिवार्य टीडीएस नहीं काटा गया। अप्रैल 2024 से अब तक Sundry Creditor में लाखों रुपये का बकाया फंसा हुआ है, जिसकी वसूली नहीं हुई। कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एडवांस भुगतान का गलत इस्तेमाल। मरम्मत और सिविल कंस्ट्रक्शन पर ITC लिया गया, जबकि GST कानून की धारा 17(5) में इसकी सख्त मनाही है।

ऑडिट रिपोर्ट ने साफ कहा है कि इन गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से एक हफ्ते के भीतर स्पष्टीकरण मांगा जाए। समय पर जवाब न मिलने पर विभागीय स्तर से कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। बाजपुर चीनी मिल की इस रिपोर्ट ने न केवल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि वित्तीय नियमों की अनदेखी ने मिल को बड़े आर्थिक संकट में धकेल दिया है।

# जूते का डब्बे में बैठे सांप ने बालक को काटा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के गोजानी क्षेत्र में कोबरा सांप के काटने से एक नौ वर्षीय बालक कीमौत हो गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।



बताया जा रहा है कि नौ साल का अनस पुत्र अफजाल खान निवासी गोजानी रामनगर शनिवार शाम के समय घर के बाथरूम से नहा कर निकला था। अलमारी से कपड़े निकालने के लिए बेड पर चढ़ रहा था। इसी दौरान तख्त के नीचे जूते का डब्बा रखा हुआ था। डब्बे में अनस का पांव पड़ गया। अनस को लगा कि कोई कीड़ा उसके पांव में लिपट गया और उसे काट लिया है। जब यह हादसा हुआ उस समय अनस के पिता अपनी दुकान पर थे और मां पड़ोस के घर पर थी। अनस तुरंत पड़ोस में अपनी मां के पास पहुंचा और बताया कि किसी कीड़े ने उसकी टांग में लिपट कर उसे काट लिया है और टांग से खून निकल रहा है और बहुत जलन हो रही है। जब पड़ोसी और मां ने बच्चे के बहते हुए खून को देखा तो टांग से खून निकल रहा था और सांप के काटे के निशान दिखाई दिए। जिसके बाद फौरन उसकी माता समेत पड़ोसी घर की तरफ दौड़े और बच्चे की बताई हुई जगह पर देखा तो तख्त के नीचे जूते के डब्बे में सांप बैठा था। सांप देखकर लोगों के होश उड़ गए।

स्थानीय लोगों ने सेव द स्नैक सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रसेन कश्यप को फोन किया, जिसके बाद सेव द स्नैक सोसाइटी के सदस्य सांप का रेस्क्यू करने गोजानी घटना स्थल पर पहुंचे और कमरे को खोल कर देखा तो सांप तखत के नीचे ही बैठा दिखाई दिया। सेव द स्नैक सोसाइटी के सदस्य अर्जुन कश्यप ने बताया कि सांप को रेस्क्यू किया गया है और वह एक कोबरा प्रजाति का सांप है। वहीं दूसरी ओर पीड़ित के परिजन बालक अनस को लेकर संयुक्त चिकित्सालय रामनगर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर तौहीद ने बताया कि नौ वर्षीय अनस को उसके परिजन बेहोशी की हालत में लेकर आए थे। अनस की टांग पर दो से तीन जगह सांप के कांटे के निशान थे। उसका सेंपल लेकर एंटी वेनम इंजेक्शन दे दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के सांप द्वारा कई बार काटने से उसकी हालत बहुत ज्यादा नाजुक हो गई थी, जिसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। बालक के परिजन बाजपुर अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने अनस को मृत घोषित कर दिया। पूर्व प्रधान कमरुद्दीन ने बताया कि मृतक कक्षा चार का छात्र था और वह तीन भाई बहन थे। वह तीनों भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता गांव में ही वेल्डिंग का काम करते हैं।

## एक नजर

### अवैध शराब के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि युवक के पास से पुलिस ने 48 पाउच माल्टा मसालेदार देसी शराब के बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में आबकारी अधिनियम 60 के तहत मामला पंजीकृत कार्यवाही शुरू की है।

कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान आरोपी पुलिस को देखकर सकपका कर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया तलाशी लेने पर इमली पड़ाव के समीप आरोपी पुष्कर राम पुत्र ज्ञानी राम के पास से माल्टा शराब के 48 पाउच बरामद किए। उन्होंने कहा कि इस मामले में आबकारी अधिनियम दफा 60 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक पूरण सिंह तोमर, हेड कांस्टेबल मोहन सिंह तोमक्याल, कमल सिंह मौजूद रहे।

### लायन्स क्लब के स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** लायन्स क्लब टनकपुर के तत्वाधान में श्री पंचमुखी महादेव धर्मशाला में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर में कुल 145 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और परामर्श लिया।

बताया गया कि शिविर में श्रीराम हॉस्पिटल हल्द्वानी के जनरल सर्जन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. दीपक अग्रवाल , कृष्णा हॉस्पिटल हल्द्वानी के किडनी रोग विशेषज्ञ डा. रोहित गोयल एवं स्पाइन पेन विशेषज्ञ डा. सीएस गुर्रानी ने उपस्थित मरीजों की निशुल्क जांच की। नि:शुल्क जांच में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर , यूरीन एवं निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया । कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समय-समय पर जांच करने के लिए प्रेरित करना था। लायंस क्लब के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक एवं जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। जांच शिविर में लायंस क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग अग्रवाल, शिविर संयोजक लायन संजय अग्रवाल, सह संयोजक लायन दीपक छतवाल, कार्यक्रम संचालक लायन विनय अग्रवाल , सचिव लायन गौरव अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष लायन दीपक जैन, निवर्तमान अध्यक्ष लायन वैभव अग्रवाल, लायन रचित महरोत्रा, लायन पुनीत शारदा , लायन शलभ शर्मा , लायन मोहित अग्रवाल, लायन राजीव आर्या, लायन आलोक अग्रवाल, लायन संजय छतवाल, लायन अंकित अग्रवाल, लायन क्रान्ति मोहन सक्सेना, लायन दीपक शारदा इत्यादि उपस्थित रहे ।

# केवल नाम का ही है, लोहाघाट का उप जिला चिकित्सालय

## सीमित संसाधनों में रोगियों की बढ़ती जा रही है भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** यहां के उप जिला चिकित्सालय में रोगियों की तादाद बढ़ने लगी है। हालांकि अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय का रूप तो दे दिया गया है, किंतु इसे उसका वास्तविक स्वरूप अभी तक नहीं मिल पाया है, जिसके कारण उप जिला चिकित्सालय को मिलने वाली सुविधाओं से यह अस्पताल वंचित रह गया है।



चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार के साथ यहां सोमवार को रोगियों की तादाद चार सौ के आंकड़े को पार कर रही है जबकि बाल लोग विशेषज्ञ, ऑर्थोपेडिक्स सर्जन एवं जनरल सर्जन कि यहां नियुक्त की जाए तो यह संख्या पांच सौ तक पहुंच सकती है। रोगियों की संख्या बढ़ने के साथ यहां के साधन व संसाधन सिकुड़ते जा रहे हैं। उप जिला चिकित्सालय को मिलने वाले बजट की तुलना में वर्तमान सीएससी को मात्र 20 फिसदी ही बजट मिल पाता है। सीएमओ डॉ देवेश चौहान के आने के बाद हालांकि लोहाघाट चिकित्सालय की स्थिति में सुधार आने से जिला चिकित्सालय में यहां के रोगियों का दबाव कम हुआ है यदि इसे उप जिला चिकित्सालय के मानक के अनुसार डॉक्टर और अन्य साधन मिल जाए तो जिला चिकित्सालय में रोगियों की संख्या आधी से भी कम रह जाएगी क्योंकि सुविधाओं के अभाव में यहां के रोगी जिला चिकित्सालय में जाते हैं।

इधर चिकित्सालय में आईसीयू की सुविधा बहाल होने से रेगडू की एक बीमार महिला तथा कोली ढेक के जहरीला पदार्थ खाकर यहां आए रोगियों को आईसीयू में रखें जाने के बाद दोनों गंभीर रोगियों की फिजिशियन डॉ राकेश जोशी एवं सीएमएस डॉ विराज राठी की देखरेख में उन्हें नया जीवन मिला है। आईसीयू के वेंटीलेटर पुराने पड़ गए हैं जिनके बदलने की तात्कालिक आवश्यकता है।

### उप जिला चिकित्सालय का शासन को भेजा प्रस्तावः सीएमओ

**लोहाघाट।** सीएमओ डा. देवेश चौहान का कहना है कि लोहाघाट के चिकित्सालय में रोगियों का काफी दबाव है। यह बड़े क्षेत्र का चिकित्सा प्रतिनिधित्व करता है। जिला चिकित्सालय की स्थिति पटरी में लाने के बाद मैंने अपना पूरा ध्यान यहां के चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा देने पर केंद्रित किया है। यदि यहां रोगियों को सभी सुविधाएं मिल जाती है तो इसका सीधा असर जिला चिकित्सालय में पड़ेगा ।

# बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ता परेशान

- विभाग ने थमाया डेढ़ लाख का एस्टीमेट
- दिसंबर 2024 से बिजली कनेक्शन के लिए प्रयासरत उपभोक्ता को राहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में शामिल बिजली कनेक्शन के लिए भी अब भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर 2024 से लगातार प्रयास कर रहे एक उपभोक्ता को अभी तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया है। उपभोक्ता का कहना है कि उसने घर के लिए बिजली कनेक्शन हेतु बार-बार आवेदन किया, लेकिन विभागीय अधिकारी टालमटोल करते रहे।

अब अधिकारियों ने नया पैंतरा अपनाते हुए उपभोक्ता को 300 मीटर लंबी एलटी लाइन खुद बिछवाने की बात कह दी है। इतना ही नहीं, विभाग ने इसके लिए करीब डेढ़ लाख रुपये का भारी-भरकम एस्टीमेट थमा दिया है। पीड़ित उपभोक्ता का कहना है कि मुझे तो ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मैं घर का कनेक्शन नहीं बल्कि कोई कंपनी लगाने जा रहा हूं। आम आदमी इतने बड़े खर्च को कैसे वहन करेगा? गौर करने वाली बात यह है कि जिस प्लॉट पर कनेक्शन की मांग की जा रही है, वह मुख्य सड़क (ऑन रोड) पर स्थित है, इसके बावजूद उपभोक्ता को इतनी बड़ी बाधा दी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की यह कार्यशैली न केवल उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है बल्कि भ्रष्टाचार और मनमानी को भी उजागर करती है। बिना सिफारिश और बिना रिश्वत के न तो कोई विभागीय कार्रवाई होती है और न ही जनता के हित में कोई कार्य। इसी वजह से आम आदमी तरसता और परेशान होकर भटकता फिर रहा है।

# बाराहीधाम में कॉलेज के छात्रों के आंदोलन को मिल रहा है व्यापक जनसमर्थन

- अल्मोड़ा एवं नैनीताल जिलों के ग्रामीण भी आंदोलन को देने आ रहे हैं समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** यहां के आदर्श राजकीय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। छात्र नेता देवेंद्र भट्ट एवं सुदीप चम्याल के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में छात्रों की मांग स्नातक स्तर पर नए विषयों का सृजन तथा इसी शिक्षा सत्र से यहां एमए की कक्षाएं शुरू करने की मांग की जा रही है।



इस मांग को यहां के अभिभावकों का भी भारी समर्थन मिल रहा है। उनका कहना है कि देवीधुरा मै महाविद्यालय खोलने के बाद जहां सैकड़ो बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है वहीं यहां व्यवहारिक विषयों के न होने से तथा अभी तक यहां एमए की कक्षाएं शुरू न होने के कारण उन्हें अपने बच्चों को बाहर भेजने के लिए कर्ज लेकर उनकी व्यवस्था करनी पड़ रही है। जबकि बालिकाओं के लिए तो बीए करने के बाद कोई रास्ता ही नहीं है । आज यहां चल रहे धरने में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश बिष्ट, सनातन जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक दीपक बिष्ट, नंदन बिष्ट, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता नंदू पांडे, विशाल त्रिपाठी, भानु बिष्ट आदि ने आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देते हुए कहा कि यह आंदोलन छात्रों का नहीं बल्कि यहां के आम जनमानस का है। सबसे अधिक परेशानियां एवं आर्थिक कठिनाइयां तो अभिभावकों को ही उठानी पड़ रही हैं।

आंदोलन को समर्थन देने के लिए बाराहीधाम से लगे अल्मोड़ा व नैनीताल जिलों के ग्रामीण भी यहां लगातार आ रहे हैं। उनका कहना है कि देवीधुरा के महाविद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई होने से इसका लाभ उन्हें मिलता है। जबकि उनके लिए अपने बच्चों को नैनीताल या अल्मोड़ा भेजना संभव नहीं है। इस बीच एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज मिखा ने फोन पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत का इस ओर ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि डॉ सिंह ने यहां नए विषयों के सृजन तथा एमए की कक्षाएं शुरू करने का भरोसा तो दिया है, लेकिन छात्रों का कहना है कि दोनों ही मांगों की मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की जा चुकी है लेकिन उसे कार्य रूप नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनके धैर्य की सीमा टूटती जा रही है।

### शतरंज प्रतियोगिता में निखिल जोशी व अभ्युदय भट्ट ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विद्यालय डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्र निखिल जोशी ने सीनियर वर्ग में व अभ्युदय भट्ट ने जूनियर वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छात्र-छात्राओं में खेल की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से लायंस क्लब खटीमा द्वारा सिटी कॉन्वेंट स्कूल में आज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से लगभग सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर वर्ग छात्र-छात्राओं के मध्य आयोजित की गई। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट , डायरेक्टर प्रेमा भट्ट , प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन, एक्टिविटी इंचार्ज सुरेश ओली, खेल प्रशिक्षक भरत बिष्ट, हरीश भट्ट , दिगंबर भट्ट , अशोक जोशी, परविंदर खाती, मनीषा कुंवर, मनीष ठाकुर केशव जोशी, हेमलता बोरा, चंदन बोरा, शिल्पा सक्सेना,ऊषा भट्ट ,ऊषा चौसाली,लिंसी त्यागी व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की।

### एक्सियो का अमेजन ने अधिग्रहण किया पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अमेजन ने आज घोषणा की है कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक से नियामक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, भारत में अग्रणी डिजिटल ऋण और चेकआउट वित्त प्रदाता, एक्सियो का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया है।

भारत में अमेजन के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक इस अधिग्रहण की बदौलत भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं के विस्तार के लिए अमेजन की प्रतिबद्धता को और मजबूती मिली है। एक्सियो के साथ अमेजन की मौजूदा साझेदारी भी है, जिसकी बदौलत छह वर्षों से अधिक समय से भारत में अमेजन पे के लिए अभी खरीदें और बाद में भुगतान करें सेवाएं दी जा रही हैं। अमेजन में पेमेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट महेंद्र नेरूकर ने कहा, कि केवल 6 में से 1 भारतीय ग्राहक के पास चेकआउट फाइनेंसिंग का एक्सेस है, इसलिए क्रेडिट एक्सेस बढ़ाना अमेजन की एक मूलभूत प्राथमिकता है। पिछले छह वर्षों में, एक्सियो के साथ हमारी साझेदारी से हम 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ऋण उपलब्ध करा पाए हैं।

### लाखों के चोरी के माल के साथ हिस्ट्रीशीटर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस रामनगर ने लाखों के चोरी के माल के साथ एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

बृजमोहन गुरुरानी निवासी चोरपानी ने 23 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी। वह वरिष्ठ नागरिक है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने ,चांदी के जेवरात , चांदी के सिक्के, बर्तन, 40,000 रुपये नगद , सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर आदि अन्य सामान चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी ओर शाकम्बर दत्त बलुनी निवासी भरतपुरी ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरो द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर घर से 70,000 रुपये नकद , सोने/चांदी के जेवरात आदि सामान चोरी कर ले गए थे। उनके पुत्र राजेश बलूनी रुद्रपुर में मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी हैं। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि लगातार हो रही चोरीयों को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने चोरियों को खोलने और आरोपियों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया। कोतवाल सैनी ने नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। घटना स्थल के आस पास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो एक संदिग्ध आरोपी नजर में आया। जिसकी शिनाख्त कर आरोपी नसीम अहमद पुत्र मौ. अली निवासी छोटी मस्जिद के पास शाहपुर मुस्तहकम पीपलसाना थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को रेलवे क्रासिंग चोरपानी से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से दोनों जगह चोरी गयी धनराशि व सोने और चांदी का सामान आदि बरामद किए गए। बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी करने पर थाना भोजपुर, थाना भगतपुर, थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद और थाना रामनगर में चोरी, लूट, नकबजनी आदि के कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी थाना भोजपुर का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस कर्मियों के उत्साह वर्धन के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 2500 रुपये का ईनाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। टीम में कोतवाल अरुण कुमार सैनी,मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार,पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक, एसआई सुरभि राणा, ढेला पुलिस चौकी प्रभारी जोगा सिंह, कांस्टेबल विपिन शर्मा, संजय दोसाद, संजय सिंह, विजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजेश विष्ट, सन्तोष बिष्ट, इसरार नवी शामिल रहे।



# मेलाघाट व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा स्थित उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर बाजार मेलाघाट के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ समारोह आयोजन किया गया। जहां प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष महेश जोशी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश जोशी ने व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, महामंत्री मनोज हलदार, कोषाध्यक्ष आशीष मौर्या, सचिव राजदीप गौतम सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई तथा उनको प्रमाण-पत्र वित. रित किए। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं व्यापार मंडल की तरफ से कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं चुनाव संचालन समिति के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि महेश जोशी ने अपने संबोधन में समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताया कि नई कार्यकारिणी व्यापारी हित के साथ-साथ समाज हित और जनहित के कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को मेलाघाट के बाजार की व्यवस्था को सुधारने, बाजार को विकसित और सुदृढ़ बनाने तथा बाजार व व्यापारियों की समस्याओं का मिलजुल कर समाधान करने हेतु प्रेरित और उत्साहित किया। यहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार, खटीमा व्यापार मंडल के महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, चुनाव समिति के अध्यक्ष डा. रामचंद्र सिंह, श्याम नारायण प्रजापति ,दीपक कुमार, नारद राय, कादर खान, मोतीलाल, बगुलिया के ग्राम प्रधान पति रामाधार उर्फ पप्पू, खेलड़िया ग्राम प्रधान पति राहुल कुमार, सिसैया से राम जन्म पासवान, राम सजीवन तथा दयाशंकर सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



# 'मेरा पौध मेरा परिवार' कार्यक्रम के तहत लगाए सैकड़ों पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान आज 429 वें दिन भी जारी रहा। दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में अभियान के 429 वें दिन 'मेरा पौधा मेरा परिवार' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण को ग्रामीणों से जोड़ने के क्रम में डीडीहाट के भनडा ग्राम के ग्रामीणों को जोड़ा गया। दिनेश गुरु रानी द्वारा ग्रामीणों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई।



दिनेश गुरु रानी ने कहा कि मुख्य उद्यान अधिकारी के सहयोग से उनके माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण को दो-दो पौधे कुल 300 पौधे माल्टा, संतरा, कागजी नींबू के वितरित किए गए ।साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता कन्याल व ग्राम प्रधान शंकर कन्याल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता कन्याल ने कहा कि हिमालय की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। ग्राम प्रधान शंकर कन्याल ने कहा कि इस कार्यक्रम से ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता आएगी व जंगल बचेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता कुंडल सिंह कन्याल ने कहा कि जंगलों को बचाना हमारा प्रथम कर्तव्य है। यहां के ग्रामीणों के द्वारा जंगल बचाए गए हैं। जिससे यहां पर हरियाली है। कार्यक्रम को कृष्ण सिंह कन्याल सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह कन्याल सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल भगवान सिंह कन्याल बलवंत सिंह आदि ने संबोधित किया। इधर दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा विद्यालयों को जोड़ने के साथ-साथ ग्रामीणों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है जिसकी सराहना की जा रही है।

### पर्वतीय सांस्कृतिक उत्सव का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्वतीय सभा लखनपुर रामनगर में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन कार्यक्रम संयोजक भावना भट्ट द्वारा किया गया।जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें प्रथम टीम हरेला पर्व, द्वितीय टीम घुघुती त्यौहार उत्तरेणी,तृतीय टीम फूल देई रही। यहां मुख्य अतिथि शांति मेहरा राज्य मंत्री , दीवान सिंह बिष्ट विधायक रामनगर, पूर्व दर्जा मंत्री दिनेश मेहरा, भूपेंद्र खाती, तारा दत्त रिखाड़ी, कविता बलिया आदि थे।

# शहर के कई अस्पतालों में मरीजों को बांटे फल

- तंजीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत खटीमा की शुरु है जनसेवा
- 29 अक्टूबर को होगा 15 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ईद मिलादुन्नबी की 1500 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जनता की सेवा के दृष्टिगत उलेमा-ए-अहले सुन्नत संगठन द्वारा खटीमा के कई अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किए गए।



उलेमा की टीम ने प्रयास अस्पताल, स्वास्तिक अस्पताल, तपन अस्पताल, आनंद अस्पताल, सरकारी अस्पताल और स्पर्श अस्पताल आदि में मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें फल वितरित किए। वहीं हजरत अल्लामा इरफान उल कादरी ने कहा कि इस्लाम और इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद ने लोगों को लोगों की सेवा का जज्बा दिया और लोगों की सेवा करने वालों के लिए आखिरत में बड़े सवाब और पुण्य की खुशखबरी दी है। वहीं मुफ्ती सईद अनवर अर्शदी ने कहा कि अल्हम्दुलिल्लाह, उलेमा-ए-अहले सुन्नत का संगठन अपने किए गए वादों को एक-एक करके पूरा कर रहा है। मुफ्त चिकित्सा शिविर, पूरे शहर में बड़े-बड़े बैनरों से सजावट, यादगार जुलूसे मुहम्मदी, नशा विरोधी रैलियां, शिक्षा जागरूकता अभियान और सीरत सभाएँ, ये सब अल्लाह के करम से मुकम्मल गए हैं और अल्लाह की कृपा से अब बुधवार, 29 अक्टूबर को 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। इस दौरान मुफ्ती फरयात आलम, हाफिज इरशाद तहसीनी, हाफिज शराफत अजहरी, हाफिज अब्दुल बासित, सैयद मारूफ अली, हाफिज मुहम्मद रजा, हाफिज जफरुद्दीन, मौलाना रजीध मरकजी, मौलाना इनामुल हक मंजरी, जनाब निहाल अहमद, रियाज मंसूरी, गुलफाम अली अरहती, शमसुल हसन आदि उपस्थित थे।

# 50 वर्ष से रह रहे परिवार बेदखल, पार्किंग का रास्ता साफ

## नैनीताल के लकड़ी टाल क्षेत्र में नगर पालिका की भूमि कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के लकड़ी टाल क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कार्रवाई करते हुए बीते करीब 50 वर्षों से नगर पालिका की भूमि पर काबिज लोगों को बेदखल कर सरकारी भूमि पर कब्जा ले लिया। बता दें कि डीडीए की ओर से एक वर्ष पूर्व जारी नोटिस के बाद यहां के 22 परिवारों ने खुद ही अपने निर्माण ढहा दिए। प्रशासन की सख्ती और नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद रविवार को लोगों ने विरोध करने के बजाय अतिक्रमण हटाना ही उचित समझा। इस कार्रवाई के चलते अब 22 परिवारों के सिर से छत उजड़ गई है और वह अब विस्थापन की स्थिति में हैं।



डीडीए के सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया नैनीताल में लंबे समय से पार्किंग की समस्या बनी हुई थी। अवैध अतिक्रमणों के कारण यहां मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव अटका हुआ था। अब अतिक्रमण हटने से इस योजना को मूर्त रूप देने की दिशा में रास्ता साफ हो गया है। कहा कि यह कार्रवाई शहर के यातायात दबाव को कम करने और पार्किंग संकट का स्थायी समाधान निकालने के लिए बेहद जरुरी थी। आने वाले समय में यहां बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा, शासन ने पार्किंग निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया है, मगर अतिक्रमण के चलते अब तक पार्किंग निर्माण नहीं हो सका। अब क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया है जल्द ही पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी होगी। जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को सुविधा मिलेगी। कहा कि मामले को लेकर पूर्व में कुछ लोग हाइकोर्ट भी गए थे मगर किसी को कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने सभी की याचिका खारिज कर दी है जिसके बाद अब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने उन्हें पहले ही नोटिस देकर समय दिया था, लेकिन कई परिवारों के लिए यह फैसला बेहद दुखद है क्योंकि वर्षों से वे यहां रह रहे थे। कुछ प्रभावित परिवारों ने पुनर्वास की मांग भी उठाई है।

### सड़क किनारे से वाहनों को हटाने की मांग

**नैनीताल।** नगर के नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में तल्लीताल धर्मशाला से जिला जेल तक के गेट के आस पास क्षेत्र तक सड़क किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाने की अपील की है। बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के चलते लोग वाहन सड़क किनारे पार्क करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सड़क में पार्क वाहनों से जाम लगने की समस्या भी होती है। बीते लंबे समय से लोग तल्लीताल धर्मशाला से जेल गेट तक वाहन पार्क कर रहे हैं। वीकेंड के दौरान सड़क के किनारे वाहन पार्क होने से कई बार जाम लग रहा है। जिससे आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी पुलिस सड़क से पार्क वाहनों को नहीं हा पा रही है। तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि मेले के कारण इस बार वीकेंड ज्यादा दबाव वाला था। आगे सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों पर नजर रख चालानी कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### भजन व गज़ल से रंग जमाया

**नैनीताल।** प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व नाट्य संस्था युगमंच एवं शारदा संघ की संयुक्त पहल पर चंद्रेश साह शक्ति के विशेष सहयोग आयोजित डा. सुशीला साह मेमोरियल लोकगीत एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी रविवार को गायकों ने भजन और गजल से रंग जमाया। प्रतियोगिता में कुल 51 प्रतिभागियों ने अपने सुरों से सभी को सभी की मंत्रमुग्ध कर दिया। बता दें रविवार को सुगम संगीत एवं लोकगीत प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 35 व सीनियर वर्ग में 18 बाल कलाकारों ने प्रतिभाग किया जिसमें कलाकारों ने भजन और गजल की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो.घनश्याम लाल साह सहित विशिष्ट गणमान्य लोगों में चंद्र लाल शाह, डीके शर्मा, जहूर आलम तथा बीना साह आदि कई रंगकर्मी व संस्कृति कर्मी मौजूद रहे वहीं निर्णायक के रूप में स्मित तिवारी व डा. गौरव बिष्ट ने योगदान दिया। कार्यक्रम में डा. रवि जोशी, कौशल साह जगाती, मुन्नी बानो, दीपा पांडे, भारती साह सहित नवीन बेगाना, अमन महाजन, संजय कुमार, मनोज कुमार, हेमंत साह, पूनम काडाकोटी, मनोज कुमार, अदिति खुराना, रफत आलम, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन डा. हिमांशु पांडे एवं मनोज कुमार ने किया।

### डोला भ्रमण में चोरी पर मुकदमा

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते शुक्रवार को श्री मां नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण के दौरान के गले से चेन और पर्स चोरी के मामले में मिली एक तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। डोला भ्रमण में चोरी 6 से ज्यादा मामले सामने आए थे। बता दें मल्लीताल निवासी महेश चंद्र जोशी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि बीती 5 सितंबर को श्री नंदा देवी महोत्सव के दौरान डोला भ्रमण किया जा रहा था। इस दौरान वह एसबीआई बैंक के समीप सीढ़ियों पर खड़े होकर डोले की तस्वीरें ले रहे थे। इसी दौरान भीड़ में खड़े कुछ लोगों ने धक्का मुक्की कर उन्हें पीछे की ओर गिरा दिया। जब वह घर पहुंचे और कपड़े बदलने लगे तो गले से सोने की चेन गायब मिली। इसकी शिकायत फोन पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को भी थी। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार

**नैनीताल।** नगर की तल्लीताल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। बीते जुलाई में नैनीताल घूमने आई दिल्ली की एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म के आरोप लगाए थे। तल्लीताल पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया था। युवती ने शिकायती पत्र में कहा है था कि वह गाजियाबाद निवासी एक युवक के साथ एक माह पूर्व नैनीताल आई थी। युवक को वह तीन महीने से जानती थी और उनकी सगाई भी तय हो गई थी। युवक उसको नैनीताल के एक होटल में लेकर गया था। जहां पर युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। उसके बाद युवक ने उससे शादी करने से मना कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अमन मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया था। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस ने युवक को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। युवक को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

### रंजन बर्गली दोबारा भाजपा के महामंत्री नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा नैनीताल में एक बार फिर जिला महामंत्री के पद रंजन बर्गली को जिम्मेदारी मिली है। जिला महामंत्री पद पर पुन नियुक्त होने पर रंजन बर्गली ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। बता दें कि रंजन बर्गली पूर्व में युवा मोर्चा प्रदेश संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश महामंत्री, के साथ ही भाजपा में जिला महामंत्री के पद पर रह चुके है। पार्टी ने एक बार फिर से उनपर विश्वास जातते हुए दोबारा जिला महामंत्री नियुक्ति किया है। पुन महामंत्री नियुक्त होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय जी, भाजपा नैनीताल के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिला प्रभारी राजेश कुमार तथा क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दोबारा दायित्व सौंपा जाना उनके लिए गर्व की बात है।



### वायरल फीवर के मरीज़ों में इजाफा

**नैनीताल।** सितंबर माह के पहले पखवाड़े में बरसात के साथ कोहरा छाने और गुनगुनी ठंड शुरू होने से वाइरल फीवर के मरीजों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। दूसरी ओर अब इन दिनों राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। बता दें नगर में इन दिनों बारिश और कोहरे से सुबह व शाम को गुनगुनी ठंड होने लगी है वहीं पूरे दिन घना कोहरा छाने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ने लगी हैं। ठंड व कोहरे के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संखया भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. महिमन सिंह दुग्ताल के मुताबिक बरसात व कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं वहीं नैनीताल में ठंड और बारिश में भीगने से लोग वायरल के शिकार हो रहे हैं। अस्पताल में उनके पास रोजाना 100 से ज्यादा वायरल के मरीज पहुंच रहे हैं। जिनको उपचार के साथ ही सलाह दी जा रही है। डा. दुग्ताल के मुताबिक मरीजों को ठंड से बचना चाहिए, साथ ही ज्यादा दिक्कत होने पर चिकित्सक से जरूर सलाह लेनी चाहिए।

# धोखाधड़ी के आरोप में दो साल का कारावास

## दोनों दोषियों पर 10-10 हज़ार का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अपर सिविल जज (जूडि) नैनीताल स्नेहा नारंग की अदालत ने जमीन क्रय विक्रय में धोखाधड़ी के आरोपी एक महिला व एक पुरुष को दोषी ठहराते हुए उन्हें दो-दो साल के कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। आरोपी भीमताल निवासी गीता देवी और जोसेफ जॉन हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी अश्विनी प्रसाद ने अक्टूबर 2012 में अभियुक्त गीता देवी और जोसेफ जॉन से मुलाकात की। जोसेफ ने अश्विनी को गीता देवी से मिलवाया जिसने खुद को एक जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर बताया। दोनों ने अश्विनी से 3.25 लाख रुपये प्रति नाली के हिसाब से जमीन खरीदने का सौदा तय किया। वादी ने अभियुक्तों के कहने पर 12 जनवरी 2012 से 16 मार्च 2025 के बीच कुल 6.33 लाख रुपये गीता देवी और जोसेफ जॉन की पत्नी कांता जोसेफ के बैंक खातों में ट्रांसफर किए। वादी ने यह धनराशि किश्तों में दी कयोंकि अभियुक्तों ने उसे बताया कि जमीन के मालिक अशोक कुमार को इलाज के लिए पैसों की जरूरत है हालांकि अभियुक्तों ने न तो जमीन की रजिस्ट्री की और न ही पैसे वापस दिए। उसके बाद अक्टूबर 2016 में अश्विनी प्रसाद को पता चला कि जमीन के मालिक अशोक कुमार की मृत्यु 2014 में ही हो चुकी थी लेकिन अभियुक्तों ने यह जानकारी उससे पूरे 2 साल तक छुपाए रखी, जब वादी ने अपने पैंसे वापस मांगे तो अभियुक्तों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया, बाद में भीमताल थाने में दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ जिसके तहत अभियुक्तों ने पैसे वापस करने की सहमति दी और 6.33 लाख रुपये के चार चेक दिए लेकिन ये सभी चेक बाउंस हो गए। इसके बाद वादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में 156 (3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत एक याचिका दायर की। न्यायालय ने पाया कि अभियुक्तों ने वादी से छल किया और उसे धोखे से पैसे देने के लिए प्रेरित किया। यह भी साबित हुआ कि अभियुक्तों ने जानबूझकर जमीन के मालिक की मृत्यु की जानकारी छिपाई और वादी के साथ धोखाधड़ी की। अभियुक्तों के वकील ने यह तर्क दिया था कि वादी ने पहले ही दिल्ली के एक न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत एक मामला दर्ज किया है इसलिए यह मामला विचारणीय नहीं है हालाँकि न्यायालय ने इस तर्क को खारिज कर दिया यह कहते हुए कि दोनों मामलों के तथ्य और कानूनी आधार अलग-अलग हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और एनआई एक्ट की धारा 138 के अपराधों के लिए अलग-अलग विचारण किया जा सकता है। इस फैसले के बाद दोनों दोषियों को न्यायिक हिरासत में लेकर नैनीताल जिला कारागार भेज दिया गया।

### वायरल फीवर के मरीज़ों में इजाफा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सितंबर माह के पहले पखवाड़े में बरसात के साथ कोहरा छाने और गुनगुनी ठंड शुरू होने से वाइरल फीवर के मरीजों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। दूसरी ओर अब इन दिनों राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। बता दें नगर में इन दिनों बारिश और कोहरे से सुबह व शाम को गुनगुनी ठंड होने लगी है वहीं पूरे दिन घना कोहरा छाने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ने लगी हैं। ठंड व कोहरे के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संखया भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. महिमन सिंह दुग्ताल के मुताबिक बरसात व कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं।

# रजा क्लब में महफिल-ए-शमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जश्न-ए-ईद मिलादुनबी के विशेष मौके पर मुहर्रम कमेटी की जानिब से नैनीताल में सरकार के 1500 साला के मुबारक पर रजा क्लब मल्लीताल में महफिल-ए-शमा की गई। शाम को महफिल-ए-मिलाद के बाद रात को शाहिद अली वारसी एंड पार्टी ने कव्वली नबी की शान में कलाम पड़े जिसमें लोगो ने काफी लुत्फ उठाया। कलाम में सरकार की क्या खूब सीरत बयान की के लोग झूम उठे जिसके बाद सलातो सलाम पड़ा। अंत में फातेहा के बाद दुआ में अपने शहर व अपने मुल्क के लिए दुआ की और आपदा पीड़ित देवभूमि उत्तराखंड के थराली तथा पंजाब में जो बारिश के चलते तबाई हुई हैं उनके लिए दिल से खास दुआ की के अल्लाहताला जल्द से जल्द वहां के सभी लोगो की परेशानी दूर करे। दुआ के बाद तबरूक बांटा गया। इस महफिल में सैकड़ों ने शिरकत की। मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श ने पूरे शहर को सरकार की यौमे पैदाइश की मुबारक बाद दी और सभी संस्थाओं का सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया। इस महफिल में कमेटी के सदर नाजिम बख्श, महासचिव समीर अली, समीर अहमद, मन्नू, कासिम, सरपरस्त नसीम भाई, अजीम भाई, साबिर, गुड्डू, मुन्ना, शान अहमद, साकिबी, ताहिर भाई, सऊद बकश, अनस, मोहसीन बख्श, याकजान, सालिक, फैसल, सदान, नवाज, आतिफ बख्श, कोनेन अहमद, सफीक, सलीम, बबलू, ताहिर, मारूफ, साकिबी, सुहैब साकिबी समेत कई लोग मौजूद रहे।



# ईएसआइसी ने शुरू की स्प्री एमनेस्टी योजना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

नैनीताल। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) की तरफ से स्प्री एवं एमनेस्टी योजना की शुरुआत की गई है। स्प्री योजना में अपंजीकृत नियोक्ता बिना किसी निरीक्षण या पेनल्टी के ईएसआईसी पोर्टल पर अपनी फर्म का पंजीकरण करा सकते हैं। निगम के लालकुआं शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा ने नैनीताल में होटल संचालकों को बताया कि राज्य के 13 जिले कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की परिधि में आते हैं। निगम की तरफ से स्प्री व एमनेस्टी योजना चालू की गई है। नियोक्ताओं व कर्मचारियों को पंजीकरण का मौका मिलेगा। यह योजना बीते एक जुलाई से शुरू हुई है और 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। इसके तहत अपंजीकृत नियोक्ता बिना किसी निरीक्षण पेनाल्टी के इएसआइसी पोर्टल पर अपनी फर्म का पंजीकरण करा सकते हैं। अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों को निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग के बिना नामांकन करने का मौका मिलेगा। नियोक्ता इएसआइसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल और एमसीए पोर्टल के जरिए अपनी इकाइयों व कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। नियोक्ता की घोषित तिथि से पंजीकरण वैध माना जाएगा। पंजीकरण से पहले की अवधि का कोई अंशदान नहीं देय होगा। इस अवसर पर नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह समेत राजेश साह, पूर्व अध्यक्ष दिनेश साह सहित रुचिर साह, हारून खान पममी, दीपा मेहता, केडी नंदा, प्रीति सेठी, हर्षलीन कौर, गीता पांडे व स्नेह छाबड़ा व सीपी भट्ट सहित अन्य मौजूद थे।

# नहर को साफ ग्रामीणों ने किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** वार्ड नंबर एक छोटी हल्द्वानी निवासियों ने सिंचाई नहर की सफाई करते हुए विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर की। रविवार को छोटी हल्द्वानी के ग्रामीणों ने छोटी हल्द्वानी गांव को सिंचाई का पानी आपूर्ति करने वाली कुलावा नंबर एक की नहर में सफाई अभियान किया इसई दौरान लगभग 30 ग्रामीण मौजूद रहे। वार्ड नंबर 1 के सभासद रोहित बुधलाकोटी व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गणेश मेहरा ने बताया की उक्त नहर से छोटी हल्द्वानी की लगभग 300 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है परंतु विगत दिनों हुए क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नहर में मालवा भर जाने के कारण पानी की आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं हो पा रही थी। कुलावा नंबर एक से जाने वाली नहर पूर्ण रूप से मलवे से भर चुकी है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए रविवार को ग्रामीणों ने खुद नहर की सफाई करने का जिम्मा उठाया। रोहित बुधलाकोटी, गोपाल दत्त पांडे, भुवन ढोंडियाल, ओम प्रकाश जोशी, साबिर अंसारी, आले नबी, गणेश मेहरा, मोहन पांडे, हांसदा जोशी, पूरन पांडे, हेमचंद्र उप्रेती, मोहन चंद जोशी, देवेंद्र कुमार, ललित सिंह रौतेला, खीमबन गोस्वामी, जीतू गोस्वामी, केदार दुम्का, आनंद ध्यानी, रमेश चंद्र, प्राण दत्त पांडे आदि मौजूद रहे।



# होटल एसोसिएशन की आमसभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से बीते वर्ष के आय व्यय का अनुमोदन किया गया। आगामी वर्ष में भी होटलियर्स की समस्याओं के समाधान के साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम में बीते वर्षों की अपेक्षा अधिक सहभागिता किया जाना तय हुआ। बता दें कि बोट हाउस क्लब में हुई बैठक में सदस्यों की ओर से अवैध पर्यटन की पड़ताल के दौरान पुलिस व अन्य की ओर से सभी टैकस दे रहे तथा नियमों के तहत कारोबार कर रहे पंजीकृत होटलों को परेशान करने का मामला उठाया। कुछ सदस्यों ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में पालिका अधिकृत एजेंसी कर्मचारियों की ओर से अनियमित रूप से धनराशि लेने का मामला उठाया। कहा कि किसी से 300 रुपये लिए जा रहे हैं तो किसी से 3 से 5 हजार रुपए भी। एसोसिएशन इस संबंध में पालिका से वार्ता करेने तथा कक्ष एवं सुविधाओं के क्रम में धनराशि तय करें उन्हें देने में कोई गुरेज नहीं। तय किया गया कि नगर में प्रस्तावित पार्किंग के शीघ्र निर्माण के लिए एसोसिएशन जिला प्रशासन से वार्ता करेगा। कहा कि मेट्रोपोल तथा तल्लीताल लकड़ी टाल स्थित पार्किंग का निर्माण शीघ्र होना चाहिए। खेल मैदान की निर्धारित पार्किंग के लिए एसोसिएशन ने भी हाईकोर्ट में पक्ष रखा। यहां से पार्किंग नहीं हटनी चाहिए। छावनी क्षेत्र में पाइंस के समीप पार्किंग के लिए एसोसिएशन निजी स्तर पर रक्षामंत्री राजनाथ से मिलेगा। बैठक में अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, प्रदीप जेठी, प्रवीण शर्मा, सीपी भट्ट, सुमित जेठी, पममी, कमल जगाती, हर्षलीन, दीपा मेहता तथा गीता पांडे आदि रहे।

### नयना देवी मंदिर के कपाट बंद

**नैनीताल।** नगर के मां नयना देवी मंदिर के कपाट रविवार को अपराह्न 12.45 बजे चंद्र ग्रहण के चलते बंद कर दिए गए। मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के मुताबिक अब मंदिर के कपाट सोमवार (आज) सुबह तक बंद रहेंगे। दूसरी ओर नैनीताल के एरीज में रात को 8.45 बजे से यूट्यूब और फेसबुक में चंद्रग्रहण के सीधा प्रसारण दिखने की तैयारी की गयी है।

# बैस्टस्ट्रोक में ओम तंवल और योमी चुफाल रहे प्रथम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नासा की ओर से आयोजित ब्रैस्टस्ट्रोक में 11 वर्ष से कक्षा 8 वर्ग में ओम तंवल (पुरुष) और योमी चुफाल (महिला) प्रथम रहे। कक्षा 9 से 12 वर्ग में शिवम धपोला (पुरुष) और रक्षी रावत (महिला) ने स्वर्ण पदक जीते। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग में रजत धपोला (पुरुष) और कुमकुम धपोला (महिला) विजयी रहे। फ्री स्टाइल में 11 वर्ष से कक्षा 8 वर्ग में ओम तंवल (पुरुष) और योमी चुफाल (महिला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में शिवम धपोला (पुरुष) और नव्या सिरोला (महिला) विजयी रहे जबकि 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग में राजत धपोला (पुरुष) और कुमकुम धपोला (महिला) ने स्वर्ण पदक हासिल किए। बटरफ्लाई में 11 वर्ष से कक्षा 8 वर्ग में विहान सिंह सिरोला (पुरुष) तथा 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग में राजत धपोला (पुरुष) विजयी रहे। बैकस्ट्रोक में 11 वर्ष से कक्षा 8 वर्ग में विहान सिंह सिरोला (पुरुष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में शिवम धपोला (पुरुष) और नव्या सिरोला (महिला) विजयी रहे। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग में निखिल कुमार (पुरुष) ने स्वर्ण पदक जीता।कयाकिंग में मिथिलेश (पुरुष) और मीमांसा साह (महिला) विजयी रहे जबकि प्लंजिंग (ओपन) में पर्व जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 1 से 10 वर्ष के बच्चों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों की तैराकी रही। एक मूक व बधिर बालक द्वारा भी तैराकी की गयी, जिसकी वहां उपस्थित लोगों द्वारा सराहना की गई।

# सिल्वर और गोल्ड मेडल जीते

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित 37वीं क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (4 से 7 सितंबर तक सरस्वती विद्यालय मंदिर नैनीताल मार्ग बरेली द्वारा आयोजित) में नैनीताल के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जागती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंडर-14 तथा अंडर-17 वर्ग की टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग में सिल्वर मेडल तथा अंडर-17 वर्ग में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक प्रतियोगिता के बाद अब अंडर-14 और अंडर-17 दोनों वर्गों में विद्यालय की टीम का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु हो गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने विजयी छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने छात्रों की कामयाबी पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह नेगी ने कहा कि यह कामयाबी न केवल हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है बल्कि हमारे विद्यालय के अनुशासन, संस्कार और खेल भावना की भी झलक है। कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने भी छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगामी प्रयासों में सफलता की ओर बढ़ने के लिए उत्साहित किया। वहीं उपाध्यक्ष प्रो. अजय अरोड़ा तथा उप प्रबंधक मनीष अग्रवाल ने भी विजेता खिलाड़ियों व कोच को आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रदान की हैं।



# एलपीएस में मनाया ग्रैंड पैरेंट-डे



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के प्रांगण में रविवार को ग्रैंड पेरेंट डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अलोक साह एवं गीता साह द्वारा दीप प्रज्वल करके किया गया जिसके उपरान्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा देवभूमि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित बैंड परफोर्मेंस की गयी जिसमें विभिन्न लोक सांस्कृतिक गीत गए गए। उसके पश्चात् प्री-प्राइमरी के नन्हें मुन्नें बच्चों द्वारा दादा दादी को समर्पित कार्यक्रम किए गए जिसमें डांस और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख थी। इसके अलावा दादा दादी के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद यापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्या कविता सनवाल तथा गुरुजन तथा सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# गोष्ठी ने दिखाई उत्पादकों की मेहनत की कद्र

## कोश्यारी और बोरा के नेतृत्व में दुग्ध उत्पादकों को नई ऊर्जा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नैनीताल आंचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा हरि वैंकट हॉल, बिन्दुखत्ता में आयोजित स्वच्छ दूध उत्पादन गोष्ठी में वरिष्ठ नेता दीपेंद्र कोश्यारी ने दुग्ध उत्पादकों के समर्पण और मेहनत की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने उत्पादकों को गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश बोरा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि दीप्ति रावत भी उपस्थित रहीं। गोष्ठी और भी भावनात्मक हो गई जब दीपेंद्र कोश्यारी का जन्मदिन मिष्ठान वितरण और केक काटकर मनाया गया। अध्यक्ष मुकेश बोरा ने दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करते हुए दूध के दाम बढ़ाने और प्रोत्साहन राशि रुपये 4 से बढ़ाकर रुपये 6 करने का आश्वासन दिया। कोश्यारी ने कहा आप केवल दूध नहीं बेचते, आप समाज और बच्चों के स्वास्थ्य का भविष्य तैयार करते हैं। आपकी मेहनत और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है। उनके भावपूर्ण शब्दों ने सभी उत्पादकों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि उनके प्रयासों का हमेशा सम्मान होगा। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह भाकुनी ने किया। प्रभारी प्रशासन संजय सिंह भाकुनी और पीएंडआई सुभाष बाबू ने संघ की योजनाओं और स्वच्छ दूध उत्पादन के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। गोष्ठी में उपस्थित अध्यक्ष मंडल नवीन पपोला, संचालक मंडल सदस्य गोविंद सिंह मेहता, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण सिंह मेहता, पूरन बोरा, मंडल महामंत्री मोहन चंद्र फुलारा अन्य सदस्य राम सिंह पपोला, प्रमोद कलौनी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), सुरेश सिंह संभल, दरवान सिंह कोश्यारी, दिलीप गड़िया, भुवनचंद्र, जगदीश पांडे, कवींद्र कोरंगा, प्रबंधक चन्द्र सिंह दानू, शांति कपकोटी, मार्ग प्रभारी कलावती भौर्याल, मोहन चन्द्र जोशी, पूरन चन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेंद्र सिंह जग्गी, मीना रौतेला, तारा चन्द्र जोशी, श्यामलाल, कुशवाहा, पदमा आर्या, कृष्णानन्द, बलवंत सिंह सम्बल, रमेश मेहता, हेमन्त चोनाल, लक्ष्मी पन्त, प्रेम चन्द्र जोशी, लालसिंह बिष्ट मौजूद रहे।



# ब्रिज में कोलकाता का दबदबा




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल बोट हाउस क्लब में चल रही अजय गोयल स्मृति धामपुर तीन दिवसीय ब्रिज प्रतियोगिता में कोलकाता की टीम विजेता रही। बता दें कि धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, ग्वालियर, लखनऊ तथा मुरादाबाद समेत देशभर की 17 टीमों ने प्रतिभा किया। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में कोलकाता की इश्क, दिल्ली ब्लू और कोलकाता की इश्क बी टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल राउंड में कोलकाता की इश्क ए प्रथम, दिल्ली ब्लू दूसरे और कोलकाता की इश्क बी तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में सुधा प्रसाद मुख्य अतिथि रही, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान नैनीताल ब्रिज एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी गोविंद बल्लभ जोशी समेत चंदन जोशी समेत बोट हाउस क्लब के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में

# भारतीय टीम ने जीता सोना




● **ऋषभ, अमन सैनी और प्रथमेश की पुरुष कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने फ्रांस को 235-233 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह पहला मौका है जब भारत ने पुरुष कम्पाउंड टीम स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही और वे पहले सेट में 57-59 से पीछे हो गए। हालांकि इसके बाद टीम ने शानदार वापसी की और हर सेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की चुनौती को 235-233 से खत्म किया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में मात दी, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 234-233 से हराया और सेमीफाइनल में तुर्की पर 234-232 से जीत दर्ज की। भारत के युवा तीरंदाज ऋषभ यादव ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ऋषभ ने क्वालिफिकेशन में 709 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया और मिश्रित टीम स्पर्धा में भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारत की शीर्ष कम्पाउंड महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत जीता। दोनों ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# भारत-पाक के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

**दुबई, वार्ता।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वहीं रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिलटग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था।




● **भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला जिसमें प्रत्येक बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया**

पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की।

उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई।

ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं।

# नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।


फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है।

# सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

● **आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा को हराकर लगातार दूसरी बाद जीता खिताब**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता।

शनिवार रात खेले गए मुक. ाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुक. ाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालें. का के जोरदार प्रहारों का मुक. ाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमे. रिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया।



# भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम करेगी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम से मुकाबला

● **मंगलवार से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज हिस्सा लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की 24 सदस्यीय टीम, जिसमें अधिकांश निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग में चार से छह के बीच रैंक किए गए हैं, विश्व के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण की शुरुआत निंगबो, चीन में हो गई है। मंगलवार (9 सितम्बर 2025) से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज, 10 स्वर्ण पदकों के लिए निशाना साधेंगे। निंगबो में चार मौजूदा ओलंपिक चैंपियनों सहित दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा लेंगे, जहां वे नवम्बर में काहिरा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

कुछ निशानेबाज दिसंबर में दोहा में होने वाले सीजन के समापन आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद में यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एआईएफएफ ने सुपर कप के लिए तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति शनिवार को वर्चुअल रूप से एकत्रित हुई और एआईएफएफ की व्यावसायिक संपत्तियों के प्रबंधन और मुद्रीकरण के अधिकारों को सीमित अवधि के लिए प्रदान करने हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए महासंघ के कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) प्रक्रिया को मंजूरी दी। एआईएफएफ ने इसके साथ ही सुपर कप की तारीखों को भी अपनी मंजूरी दे दी। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए, कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) गठित करने का संकल्प लिया।

### पाक अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को लाहौर में खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड ने सैम को किया टीम में शामिल

● **चयनकर्ताओं ने सैम करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है। ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है।

चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनलवसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवम्बर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है।

30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये हैं)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार है:-** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

**आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:-** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

## स्वतंत्र परीक्षण में सुब्रायन का बॉलिंग ऐक्शन वैध

**दुबई, वार्ता।** स्वतंत्र परीक्षण केंद्र ने दक्षिण अफीका के ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रीनेलान सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन वैध पाया है। अब तक एक टेस्ट और एक एकदिवसीय मैच खेल चुके सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में संदिग्ध पाया गया था। हालांकि सुब्रायन को गेंदबाजी से रोका नहीं गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आराम देते हुए ऑस्ट्रेलिया में आगे न खिलाने का फैसला किया और इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया था। सुब्रायन का 26 अगस्त को ब्रिस्बेन में परीक्षण किया गया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक बयान में पुष्टि की गई कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर के भीतर था।

# आखिरी क्षणों की पेनल्टी से भारत को कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**दोहा, वार्ता।** एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदों पर कल रात पानी फिर गया जब ब्लू कोल्ट्स को दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में मेजबान कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप एच के एक कड़े मुक. ाबले में, भारत ने खेल के अधिकांश समय कतर से बराबरी की, लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी और डिफेंडर प्रमवीर को मिले रेड कार्ड के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के साथ कतर दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि भारत तीन मैचों में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मजबूत घरेलू प्रशंसकों के उत्साहवर्धन के बीच मेजबान टीम ने शानदार शुरुआत की और 18वें मिनट में बढ़त बना ली जब अल हाशमी मोहियालदीन ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े और एक लूपिंग हेडर को नेट में डाल दिया, जिससे भारतीय रक्षा पंक्ति स्तब्ध रह गई। मुख्य कोच नौशाद मूसा के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती दबाव को झेला और धीरे-धीरे मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

पार्थिब गोगोई और मोहम्मद सन्नन के जरिए मौके आए, जिनकी गेंदों ने मुश्किलें तो पैदा कीं, लेकिन वे निर्णायक साबित नहीं हुईं। आखिरकार 52वें मिनट में इनाम मिला। मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन ने गेंद को बीच में ही रोक लिया और काउंटर अटैक शुरू किया, जिसका अंत सन्नन के सटीक क्रॉस से हुआ, जो मोहम्मद सुहैल के लिए था। स्ट्राइकर ने बिना कोई गलती किए, अपने मार्कर से ऊपर उठकर गेंद को गोल में पहुंचाया और बराबरी हासिल की। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 67वें मिनट में, कतर ने तेजी से हमला किया और बॉक्स के अंदर नूरेलदीन इब्राहिम पर प्रमवीर के गलत समय पर किए गए टैकल ने रेफरी को स्पॉट की ओर इशारा करने पर मजबूर कर दिया। पहले से ही बुक किए गए डिफेंडर को आउट करार दिया गया, जिससे भारत की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। जसीम अल शरशानी ने आगे बढ़कर पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे गोलकीपर साहिल सही दिशा में डाइव लगाने के बावजूद गलत दिशा में चले गए। एक गोल और एक खिलाड़ी से पिछड़ने के बावजूद भारत ने हार मानने से इनकार कर दिया। गोलकीपर साहिल ने लगातार बेहतरीन बचाव करके अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, अब्दुलअज़ीज हसन और मोहम्मद सुराग को नाकाम करते हुए कतर ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

# न्यूजीलैंड की पुरुष-महिला हॉकी टीमों ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

● **न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता**

**जर्मनी, वार्ता।** ओसनिया कप 2025 आज ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में संपन्न हुआ। न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिताएं जीतकर तीन-तीन मैचों की श्रृंखला के बाद महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता।

इस जीत का मतलब था कि ब्लैक स्टिक्स की महिला टीम ने आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप, बेल्जियम और नीदरलैंड्स, 2026 के लिए ओसनिया की चैंपियन टीम के रूप में क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के माध्यम से विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी, और दूसरे स्थान पर रहने के बाद, न्यूजीलैंड की पुरुष टीम भी आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम के साथ जुड़ गई।

न्यूजीलैंड की जीत के बाद उसकी कप्तान ओलिविया शैनन ने कहा कि विश्व कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले साल हम पेरिस के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और मुझे लगता है कि इस सीरीज ने पेरिस के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बावजूद हमारे अंदर मौजूद उस संघर्ष, उस लचीलेपन और ऊर्जा को दर्शाया है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम खाली हाथ नहीं लौटी क्योंकि ओसनिया से सीधे विश्व कप क्वालीफिकेशन स्थान उसका था।

# पुजारा ने इंडियन हेल्थकेयर लीग का शुभारंभ किया



● **लीग का उद्देश्य चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरुकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** व्हाइटकोट स्पोर्ट्स ने आज इंडियन हेल्थकेयर लीग का अनावरण किया, जो विशेष रूप से डॉक्टरों के लिए समर्पित एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। एक स्वास्थ्य पहल से कहीं बढ़कर, यह लीग खुद को दोहरे उद्देश्य वाले एक शक्तिशाली आंदोलन के रूप में स्थापित करती है - कैंसर जागरूकता को अपना प्राथमिक मिशन बनाना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य को अपना द्वितीयक उद्देश्य बनाना। इसके साथ, यह भारत की सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली डॉक्टर-केंद्रित पहलों में से एक बनने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर प्रोफेशन्ल्स समाज की रीढ़ हैं, फिर भी व्यस्त दिनचर्या, लंबे समय तक काम करने और तनावपूर्ण वातावरण के कारण उनका शारी. रिक और मानसिक स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

इंडियन हेल्थकेयर लीग की स्थापना इसी कमी को पूरा करने के लिए की गई थी—डॉक्टरों को खेल के आनंद के माध्यम से तरोताजा होने, जुड़ने और फलने-फूलने के अवसर प्रदान करना, साथ ही चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना। इस अवसर पर, व्हाइटकोट स्पोर्ट्स के सीएमडी, डा. राहुल मंगल ने कहा कि व्हाइटकोट स्पोर्ट्स में, हम डॉक्टर-फर्स्ट की नीति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इंडियन हेल्थकेयर लीग न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के बारे में है, बल्कि हमारे समय की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं-कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य - को संबोधित करने के बारे में भी है। डॉक्टरों को खेल में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रभाव पैदा करना है जहां स्वस्थ डॉक्टर मजबूत समुदायों का नेतृत्व करें, साथ ही यह लीग उन मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाए जो पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कई प्रमुख डॉक्टर उपस्थित रहे। लॉन्च के दौरान, चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंडियन हेल्थकेयर लीग वास्तव में एक अनूठी पहल है जो उन लोगों के स्वास्थ्य का जश्न मनाती है जो हमें स्वस्थ रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और डॉक्टरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का इसका मिशन इसे एक खेल आयोजन से कहीं बढ़कर बनाता है। यह बदलाव का एक मूवमेंट है। मेरा मानना है कि इस लीग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की क्षमता है, जो न केवल डॉक्टरों को बल्कि पूरे समाज को फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य और खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। इंडियन हेल्थकेयर लीग के पहले सीजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह गतिशील फ्रेंच. ाइजी टीमें शामिल हैं।

### साउथ और सेंट्रल जोन के बीच होगी दलीप ट्रॉफी में खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। साउथ जोन को मिली बड़ी बढ़त गुरजपनीत सिंह (चार विकेट) और एम डी निधीष (तीन विकेट) के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 52) के शानदार प्रदर्शन के दम पर साउथ जोन ने 270 रनों की बड़ी बढ़त के साथ रविवार को ड्रॉ हुए पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं छह बल्लेबाजों शुभम शर्मा (96), दानिश मालेवर (76), कप्तान रजत (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से बनाये गए 600 रनों के विशाल स्कोर साथ फाइनल में जगह बना ली। यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन नॉर्थ जोन ने कल के पांच विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

### साबिर पाक सालाना उर्स की सभी रस्में संपन्न

# दरगाह को गुलाब जल से नहलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हजरत साबिर पाक रहमतुल्लाह अलैह के 757वें सालाना उर्स की आखरी रस्म गुशल शरीफ अदा की गई। इस मौके पर मजार ए मुकद्दस और पूरी दरगाह को गुलाब जल व केवड़ा जल से नहलाया गया। इसी के साथ उर्स की सभी रस्में संपन्न हुई।

दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी ने गुशल शरीफ रस्म अदा कराई। इस दौरान उन्होंने मजार शरीफ पर संदल पेश किया।गुशल शरीफ की रस्म के दौरान पूरी दरगाह महक उठी और जायरीनों की भीड़ उगड़ पड़ी। मजार शरीफ को पहले गुलाब जल से नहलाया गया इसके बाद संदल पेश किया गया। रस्म अदायगी के बाद गुशल का पानी पाने के लिए जायरीन बेकरार दिखाई दिए।कोई बोतल लिए तो कोई गिलास लिए पानी समेटता नजर आया।वहीं जिनके पास कुछ नहीं था वह अपने कपड़े तर करते दिखे। देश विदेश से आए लाखों जायरीनों ने इस रस्म में शिरकत की और अपने अंदाज गें अकीदत पेश की। इसी के साथ



उर्स की सभी मुख्य रस्में सम्पन्न हो गई। हालाँकि उर्स का यह सिलसिला चांद की 20 तारीख तक जारी रहेगा। रस्म अदायगी के मौके पर साहिबजादा शाह यावर अली एजाज साबरी, शाह खालिक मियां, शाह सुहैल, नय्यर अजीम फरीदी, यासिर एजाज साबरी, सूफियान बाबा,सूफी इसरार साबरी,रहीम साबरी, सलीम उदयपुरी,सफीक साबरी, शाह असद, हैदर हबीब, शाह गाजी, नोमी मियां, नमीर मियां शान साबरी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद जायरीन मौजूद रहे।

**❖सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी ने रस्में कराई अदा**

### मनीष बॉलर से सांठगांठ पर दो सिपाहियों पर गिरी गाज

# सिपाही शेर सिंह व हसन जैदी का कुमाऊं रेंज में हुआ ट्रांसफर

**❖आईजी गढ़वाल कार्यालय में अटैच थे दोनों सिपाही, हरिद्वार में रहते थे सक्रिय, एसटीएफ की गोपनीय रिपोर्ट में खुली कारनामों की पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गढ़वाल आईजी कार्यालय में अटैच रहते हुए हरिद्वार में पैठ बनाने वाले दो सिपाहियों पर गाज गिर गई है। कुख्यात प्रवीण वाल्मीकि के भतीजे और भाजपा से निष्कासित पार्षद मनीष बॉलर से करीबी रिश्तों का खुलासा होने पर दोनों को कुमाऊं रेंज ट्रांसफर कर दिया गया है।

एसटीएफ की गोपनीय रिपोर्ट में सिपाही शेर सिंह और हसन जैदी के मनीष बॉलर से लगातार फोन पर संपर्क के सबूत सामने आए। सूत्रों के अनुसार, आईजी गढ़वाल कार्यालय से अटैच होने के बावजूद दोनों की सक्रियता हरिद्वार में बनी हुई थी, जिस पर लंबे समय से तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं। यह भी चर्चा है कि भूमि कब्जे के मामलों की जांच में दोनों की भूमिका खंगाली जा सकती है। सूत्र बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर इनकी पहुंच और दबदबा इतना था कि कई संवेदनशील मुकदमों में इनकी दखलअंदाजी की बात सामने आती रही। उधर, मनीष बॉलर को हाल ही में एसटीएफ ने हरिद्वार में लगभग 50 करोड़ की जमीन पर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों से कब्जा करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर पुलिस और गैंग के गठजोड़ पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## अजय शाह बने झबरेड़ा थानाध्यक्ष

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक व इकबालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज के 5 दिन पूर्व निलंबित होने के बाद रविवार को एसएसपी हरिद्वार ने अजय शाह को झबरेड़ा थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद आज अजय सैन बतौर थानाध्यक्ष कार्यभार संभाल लिया गया। 5 दिन पूर्व झबरेड़ा थाना प्रभारी व इकबालपुर चौकी इंचार्ज दोनों को एसएसपी हरिद्वार द्वारा निलंबित कर दिया गया था। अभी तक भी निलंबित होने के कारण का पता नहीं लग पाने से यह चर्चा का विषय बना हुआ है। रविवार को रुड़की गंग नहर में कार्यरत एस आई अजय शाह को स्थानांतरित करते हुए झबरेड़ा थाना इंचार्ज बनाया गया है। शाह द्वारा रविवार को विधिवत थाने आकर कार्य भार संभाल लिया गया है।

# नातिया मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हजरत साबिर पाक के 757 वे उर्स के मौके पर सालाना नातिया मुशायरा, पानीपत पंच दरगाह के सज्जादा नशीन पीर शाह निसार अहमद उस्मानी कैरानवी की सदारत में राही गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया जिसमें उत्तराखंड के मदरसा बोर्ड के चेयरमैन (राज्यमंत्री स्तर) मुफ्ती शमून कासमी ने भाग लिया। जबकि विशेष अतिथि के रूप में हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने शिरकत की। साबिर पाक उर्स कमेटी के सचिव अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी के संयोजन में देश भर से आये शायरों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कासमी ने कहा कि भारत देश सदियों से सूफी सन्तों और आध्यात्मिक विचार धारा का देश रहा है जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वधर्म समभाव का संदेश पूरे विश्व के लिए रहा है। कैराना के सज्जादानशीन पीर निसार उस्मानी ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कासमी, आयोजक अफजल मंगलोरी विशेष अतिथि रिजवी तथा आमन्त्रित शायरो की दस्तार बन्दी की। मुशायरे के संयोजक अफजल मंगलोरी ने कलाम पेश करने से पूर्व कहा कि गत 10 वर्षों से उर्स कमेटी अपने स्तर से नातिया मुशायरा व महफिल ए किरात आयोजित करते चले आ रही है। वक्फ बोर्ड से कोई आर्थिक सहायता नही ली जाती है । मुशायरा अध्यक्ष पीर निसार उस्मानी ने हजरत साबिर पाक की जीवनी और राष्ट्रीय एकता में सूफी सन्तों के योगदान पर रोशनी डाली ॥ मुशायरे का शुभारंभ करते हुए मुजफ्फर नगर से पधारे उस्ताद शायर डॉ मुकेश दर्पण ने फरमाया-



ईश्वर, अल्लाह या माने कोई चाहे गुरु। सारे इंसा होते हैं, आकर यहां पर सुर्खरू।। कैराना के विश्व प्रसिद्ध शायर उस्मान कैरानवी ने पढ़ा -ये तजर्बा मेरा है कि हो जाएगी दिल से तो जरा के आके तू कलियर गें दुआ मांग।। पीलीभीत पूरनपुर से आये शायर इरशाद इरफान साबरी ने फरमाया- झूम कर घटा उठी, एकता-मोहब्बत की। रहमतों की बारिश है हर तरफ ही कलियर में।। इसके अलावा डॉ सलीम कैरानवी, जमाल उस्मानी, कमाल उस्मानी, जुनैद साबरी बरेली, दिलदार साबरी, बिलाल उस्मानी, हसनैन जाफरी बरेली, खिसाल उस्मानी, हिलाल उस्मानी, ने भाग लिया।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजा राशन व अन्य सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेड़ी कला में निवास करने वाले लोगों द्वारा पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए शनिवार को पूरे गांव से खाने पीने के समान के अलावा दवाइयां आदि राहत सामग्री इकट्ठा की गई। राहत सामग्री को ट्रैक्टर ट्राली द्वारा पंजाब भेजा जाएगा।

ग्राम झबरेड़ी निवासी राजकुमार तथा रोबिन कुमार ने बताया कि पंजाब में आई बाढ़ के कारण बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए शनिवार को राहत सामग्री इकट्ठा की गई है। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में गेहूं चावल आटा नमक सरसों का तेल आलू पानी की बोतल तथा दवाइयां पूरे गांव से इकट्ठा की गई है। पूरे गांव में से इकट्ठा हुई राहत सामग्री एक ट्रैक्टर ट्राली मे भरकर पंजाब भेजी जाएगी। राहत सामग्री इकट्ठा करने वालों में राजकुमार मोनू चौधरी मोहित कुमार अंकुल चौधरी आर्यन ईश्वर प्रधान सुधांशु अंकित कुमार तुषार शिवम मोनू चौधरी तथा विशाल आदि शामिल रहे। इनका कहना है कि पंजाब भेजने के लिए राहत सामग्री पूरे गांव से इकट्ठी की गई है।

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर मुखबिर की सूचना पर दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रैथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर में जानकारी देते हुए बताया आदेशिकाओ को तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित। मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया है। जिनका नाम चरण सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बाक्करपुर थाना लक्सर वकील पुत्र घसीटा निवासी ग्राम दरगाहपुर थाना लक्सर बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत शामिल रहे।

### उर्स मेले में अव्यवस्था पर जेएम का औचक निरीक्षण

# अव्यवस्थाएं मिलने पर भडके जेएम कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** सालाना उर्स/मेले में अव्यवस्था की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए देर रात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र शेट ने मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र, झूला-सर्कस ग्राउंड, तालाब क्षेत्र व होटलों का जायजा लिया। जेएम ने होटलों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाने, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।इस बीच जब वे दरगाह कार्यालय में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। बाद में थाने में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तो वहां भी वही स्थिति मिली। लगातार लापरवाही देखकर जेएम का पारा चढ़ गया। और उन्होंने मौके पर



मौजूद थाने के एसएसआई बबलू चौहान से चाबी मंगवाकर ताला खुलवाया और सीसीटीवी कैमरों की जांच की।जेएम दीपक रामचंद्र शेट ने कहा कि उर्स/मेले में क्षेत्र भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। होटलों पर रेट लिस्ट चेक की गई, झूला-सर्कस ग्राउंड का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की गई है। कंट्रोल रूम पर ताले लगे मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार यूसुफ अली, ईओ कुलदीप चौहान, एसएसआई बबलू चौहान, दरगाह सुपरवाइजर इंतखाब आलम, राव सिकंदर हुसैन, रआदि मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में सैकडों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समर्पण जन कल्याण संगठन ट्रस्ट द्वारा श्री सांई मेडिकल सेंटर पर एक आंखों का नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया। जिसमें एएसजीआई हॉस्पिटल देहरादून से आए चिकित्सक ने आंखों में पर्दे की जांच की गई। जिसमें काला मोतिया, सफेद मोतिया एवं अन्य जांच की गई। शिविर में डॉ. इंदू सिंह एवं निधि शर्मा, सतीश वर्मा, धीरज मिश्रा द्वारा आंखों की जांच की गई। जिसमें लगभग 60 मरीजों को चेकअप किया गया।

जानकारी के अनुसार समर्पण जन कल्याण संगठन ट्रस्ट द्वारा श्री सांई मेडिकल सेंटर पर एक आंखों का नि:शुल्क जांच शिविर लगाया। इस शिविर में ऑप्टेक् फार्मास्यूटिकल के शंभू शर्मा द्वारा सहयोग किया गया। इस शिविर में सुनीता, बबली, जसवीर, रमा शर्मा, नरेश यादव, कुलदीप सिंह, भारती नेगी, देवेंद्र सिंह, सुरेश पाल, राजेंद्र सिंह, सचिन, शम्मी काजमी, गीता, महिंद्र, एमके सैनी, श्रीराम, रेनू जैन, अंजुम आदि मरीजों की जांच की गई। शिविर में समर्पण संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव,महामंत्री प्रदीप गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गोयल, नमन, कशिश आदि ने सहयोग किया

## मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**लक्सर।** क्षेत्र दाबकी कला की महिला एवं उनके लड़के पुत्रवधू एवं बेटी ने प्रेस वार्ता कर पुलिस में पत्र देकर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है दाबकी कला निवासी अनुराग पुत्र उदयपाल सिंह शुभलेश पूजा ललिता ने बताया कि हमारी माता शुभलेश के साथ 22 सितंबर 2025 को आधा दर्जन व्यक्तियों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट की थी जिससे हमारी माता शुभलेश बहुत डरी हुई है। उन्होंने कहा हमने पुलिस में पत्र दिया था लेकिन हमारे पत्र पर अभी तक भी कोई पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई उन्होंने यह भी चेतावनी दी गई अगर हमारे द्वारा दिए गए पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की तो हम शुभलेश को मजबूर होकर आत्महत्या करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी मारपीट करने वाले व्यक्तियों की होगी।

# प्रजापति समाज ने किया मेधावियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रजापति कल्याण मंच द्वारा मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में 90 लोगों का सम्मान किया। कन्हैयालाल बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि प्रजापति समाज सदैव से समाज का अभिन्न अंग रहा है जिसने सदैव समाज के किसी न किसी रूप में सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इनसे दीपक लेकर हम जग का अँधियारा दूर करते है। उसी प्रकार आज इस समाज के बच्चे पढ़कर उच्च शिक्षित होकर समाज में विभिन्न पदों पर आसीन होकर देश को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम कर रहे हैं। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा किसी भी समाज को आगे बढ़ाने में उनके युवाओं का महत्वपूर्ण हाथ होता है आज यह युवा अपने समाज के बीच सम्मानित हो रहे हैं आने वाले समय में यह राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय मंचों पर समाज ही नहीं बल्कि शहर और प्रदेश की शोभा बढ़ाएंगे।इस अवसर पर कक्षा दस और बारह में अच्छे अंक पाने वाले मेधावियों एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय प्रजापति एवं अध्यक्षता अध्यक्ष करम सिंह ने की।

# कार्यकर्ताओं की राय से ही होगा जिलाध्यक्ष का चयन: राजेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चुनने को लेकर कांग्रेस कार्य करताओ से राय शुमारी लेने आए पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य कर्ताओं की राय लेकर ही जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए जो 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर गांव गांव घर-घर जाकर पार्टी के लिए काम कर सके। उन्होंने बताया कि अभी तक जिला अध्यक्ष बनने के लिए उन्हें 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कस्बे गें स्थित रायल पैलेस गें आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेश तिवारी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित होने की आवश्यकता है। कोई भी संगठन बिना संगठित हुए विकास नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसे जिलाध्यक्ष बनने के लिए एक राय होकर ऐसे व्यक्ति का नाम तय कर बताएं जो पूरी तरह से कांग्रेस को समर्पित हो। तथा वह व्यक्ति गांव गांव घर-घर जाकर पार्टी के लिए काम करने वाला होना चाहिए। 2027 में उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होना है उसे ध्यान में रखकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कम करना होगा। जिला अध्यक्ष के बाद पार्टी को ब्लॉक स्तर नगर स्तर तथा बूथ स्तर पर बी एल ओ बनाए जाएंगे। पार्टी में जो भी पदाधिकारी बने वह पार्टी



के लिए निष्ठावान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में हिंदू मुस्लिम कर वोट प्राप्त कर जीत प्राप्त करती है। कई विधानसभाओं में कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी 2000 मतों से ही हार जाता है। यहां पर भाजपा लाभ उठाती है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि भाजपा शासन में किसान को उसकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। पूरे देश में महिलाओं की कोई सुरक्षा गारंटी नहीं है। कमजोर पिछड़ा वर्ग पिछड़ी जाति जनजाति के विकास के लिए कोई काम भाजपा सरकार में नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार उद्योगपतियों की पार्टी है तथा उद्योगपतियों के विकास को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। गौरव चौधरी ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला हरिद्वार में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत है। दूसरे जिलों में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जिससे 2027 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बन सके। इस अवसर पर सह पर्यवेक्षक मनोज नौटियाल डॉक्टर गौरव चौधरी मदनलाल सुलेमान मलिक मुनव्वर हसन मुजाहिर हसन आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने वन सुरक्षा दल पर अवैध वसूली का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने वन सुरक्षा दल पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार महमूदपुर निवासी युवक ने बताया कि वह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में रुड़की से पेड़ों का कटान कर लाई गई लकड़ियां भरकर कलियर ला रहा था। इसके लिए उसने वन विभाग से विधिवत रमना भी लिया था। आरोप है कि जैसे ही वह बाईपास मार्ग पर पहुंचा, एक गाड़ी में सवार कुछ लोग आए और खुद को सुरक्षा दल विभाग की टीम बताते हुए रमना दिखाने के लिए कहा। युवक ने वन विभाग द्वारा जारी रमना दिखाया, लेकिन उन्होंने उसे फर्जी करार देते हुए दो हजार रुपये की मांग की। चालक द्वारा असमर्थता जताने और मालिक को सूचना देने की बात कहने पर आरोपी युवक मौके से चले गए। पीड़ित युवक के अनुसार उसने मामले की शिकायत वन विभाग अधिकारियों से की है और कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में डीएफओ हरिद्वार स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि अगर कोई इस प्रकार से शिकायत आयेगी तो जांच कर उचित करवाई की जायेगी।

### जश्न-ए-खैरुल वरा के अंतिम दिन नात-ए-पाक प्रतियोगिता का आयोजन

# मुये मुबारक की जियारत ने शहर को किया रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रुड़की चैप्टर) द्वारा आयोजित चार दिवसीय जश्न-ए-खैरुल वरा का समापन ऐतिहासिक और रूहानी माहौल में हुआ। दिन की शुरुआत नगर निगम हॉल में हुई नात-ए-पाक प्रतियोगिता से हुई और शाम को उमर एन्क्लेव सोसाइटी में मुये मुबारक की जियारत ने सभी हाजिरीन के दिलों को रौशन कर दिया।

**नात-ए-पाक प्रतियोगिता: बच्चों की आवाज में मोहब्बत-ए-रसूल** नगर निगम हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में रुड़की और आसपास के मदरसों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मदरसे के नन्हें बच्चों ने जब हुजूर की शान में नात शरीफ पेश की, तो पूरा हाल ष्या नबी सलाम अलेका, ष्ताजदारे हरमष, और ष्मदीने की हवा आती हैष जैसे कलामों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत रहमानिया अरबी मदरसे के प्रबंधक मौलाना अजहर कासमी द्वारा कुरआन की तिलावत से हुई। मौलाना अरशद ने नबी-ए-पाक की सीरत पर रोशनी डालते हुए कहा: हुजूर मुहम्मद साहब ने इस दुनिया को मोहब्बत, इंसानियत और अदब का पैगाम दिया जो रहती दुनिया तक कायम



रहेगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार दिए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और गिफ्ट्स प्रदान किए गए।

**भाजपा नेता एवं मेयर प्रतिनिधि श्री ललित मोहन अग्रवाल ने कहा:** हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को भाईचारे और इंसानियत का पैगाम दिया। आज जरूरत है कि मदरसों के बच्चे उर्दू-अरबी के साथ आधुनिक शिक्षा भी हासिल करें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में आएं। **मुख्य अतिथि समाजसेवी कुंवर जावेद ने कहा:** मदरसों के बच्चों ने जिस शिद्दत और अकीदत से नातें पेश कीं, वो दिल को छू लेने वाला था। मुझे गर्व है कि यह नई पीढ़ी तालीम और तहजीब के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। **सज्जुमन के जनरल सेक्रेटरी कुंवर शाहिद ने कहा:** हमारे मदरसों के बच्चे अब बेहतर तालीम हासिल कर रहे हैं और यही हमारे मुस्तकबिल की उम्मीद है। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी अमजद उस्मानी द्वारा किया गया। मुये मुबारक की जियारत रुड़की में ऐतिहासिक रूहानी लम्हा शाम को उमर एन्क्लेव सोसाइटी में आयोजित जियारत में हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर हजरत मुहम्मद के मुये मुबारक (बाल मुबारक) हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ की टोपी मुबारक और गौसे आजम पीर बगदाद शरीफ की चादर मुबार कार्यक्रम के अंत में मुल्क की सलामती, पंजाब और देश के हालात में बेहतरी, और अगले साल के जश्न की बेहतर तैयारी के लिए विशेष दुआ की गई।

# अंसारी वैलफेयर सोसाइटी ने किया राज्यमंत्री दानिश का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स मंगलौर के लंढोरा रोड स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता जमीर हसन अंसारी के निवास पर पहुंचे जहां उनका अंसारी वैलफेयर सोसाइटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी उतर प्रदेश सरकार गें अल्पसंख्यक कल्याण हज व वक्फ मंत्री है जहां पहली बार मंगलौर पहुंचे हैं। वही मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि अंसारी समाज संवाद कार्यक्रम में मोदी सरकार की नीतियां को ग्राउंड पर उतारा जाए और उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज और पिछड़ा पसमांदा समाज को मिले इसको लेकर चर्चा की गई है वही शादाब शम्स ने काबुल किया कि इस बार पिरान कलियर में होने वाले साबिर साहब के 757 वे उर्स में बारिश के चलते पूरी तरह से साफ सफाई की व्यवस्थाएं दुरुस्त नही हो पाई फिर भी उनका प्रयास है कि उर्स के दौरान आने वाले जायरीनो को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इस दौरान शोभित गुप्ता, अनीश अहमद, पूर्व सभासद इरशाद अंसारी, अनीश गौंड,सरफराज सिद्दीकी, शहजाद इदरीसी, निशांत शर्मा, नरेंद्र, विशु शर्मा शमीम मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# उप राष्ट्रपति का चुनाव

9 सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। जहां भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है और दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इसी चुनाव को लेकर किया गया है। यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है यह देखकर ही पता चलता है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पिछली सीट पर बैठे दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ उप राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, वहीं सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक बुलाए जाने की बात भी कही।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को जहां संसद भवन एनेक्सी में रात्रि भोजन का आयोजन करने की बात कही, वहीं सभी से गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना वोट करने के लिए कहा। हालांकि अब तक उप राष्ट्रपति चुनाव में गैर गठबंधन की बात करें तो एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन सुदर्शन रेड्डी को दिया है। वहीं रात्रि भोज के जरिये खड़गे इंडिया गठबंधन से इतर दलों से भी समर्थन की अपील कर सकते हैं। बीजू जनता में अभी भी मंथन जारी है। भोज तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी देना था, लेकिन वह पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड में आई बाढ़ को लेकर रद्द कर दिया। ठीक उसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को भोज देना था, उन्होंने भी रद्द कर दिया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय उप राष्ट्रपति का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ दिखाई दे रहा है। बेशक संख्याबल अभी सत्तापक्ष के पक्ष में ही दिखाई दे रहा है, लेकिन जिस तरह के इस समय राजनीतिक हालात हैं, कोई भी जरा सा जोखिम लेने को तैयार नहीं है और दोनों ही पक्षों को क्रॉसिंग वोट का डर सताता दिखाई दे रहा है। विपक्ष की सफलता का दारोमदार भी क्रॉसिंग वोट पर ही टिका हुआ है। जैसेकि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा भी कि उप राष्ट्रपति पद का चुनाव किसी चुनाव चिन्ह पर नहीं होता, यह अंतरात्मा का चुनाव है और उन्हें उम्मीद है कि लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे। जिस तरह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दिया था, उससे भी यह चुनाव और रौचक हो गया है।

राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा के दौरान जिस तरह का बिहार में जन समर्थन जुटाया, उससे भी सत्ता पक्ष खेमे में सुगबुगाहट है और इंडिया गठबंधन के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ इस चुनाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तरफ से कोई कमी छोड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि राजनीति में कभी भी समय एकजैसा नहीं रहता, चीजें नाटकीय तरीके से बदल जाती हैं। भाजपा भले ही नंबर के गेम में अभी भी आगे है, लेकिन वह आश्वस्त नहीं हो सकती, क्योंकि वह अल्पमत सरकार की अगुवाई कर रही है। देखना है कि उप राष्ट्रपति का ताज किसके सिर पर सजता है।

## नई चुनौतियां चिंता का विषय



ट्रम्प टैरिफ के आतंक से उभरी नई चुनौतियां चिंता का विषय हैं, इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है, ऐसा करना जरूरी है, वरना देश के विशाल बहु. जनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, इससे बचना बहुत जरूरी है, विरोधी दल अंदर खाने मिलकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं, बसपा सरकारों में सर्वसमाज को विकास मिला था, जिसे अब रोकने का प्रयास हो रहा है।

**सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर





**विनीत नारायण**

भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण होने वाली तबाही ने न केवल जन-धन की हानि की है, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया है।

भारत में मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है और इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में, उत्तराखंड के उत्तरक. ाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गईं और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं को रोकने और उनके प्रभाव को कम करने में क्यों असफल हो रहा है?

बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालई क्षेत्रों में आम हैं। ए घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं अधिक बार और अधिक विनाशकारी हो रही हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी कल्प्रिट हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने हुए डीपीआर बना देते हैं जिससे ऐसे हादसे होते हैं। यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है।

डीपीआर, जो किसी भी योजना का बुनियादी ढांचा व आधार होती है, में अगर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसी हादसों व त्रासदियों के रूप में सामने आता है।इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय भूगर्भीय और पर्यावरणीय कारकों को नजरअंदाज करना आम बात हो गई है। गडकरी का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि कई परियोजनाओं के लिए डीपीआर बिना स्थानीय भूगोल और जलवायु की गहन जांच के तैयार की जाती हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां भूस्खलन और बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है, सड़क निर्माण के लिए अक्सर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जाता है, जिससे ढलान अस्थिर हो जाते हैं। यह न केवल भूस्खलन को बढ़ावा देता है, बल्कि नदियों में मलबे का प्रवाह भी बढ़ाता है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भारत में बाढ़ और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने में सरकारी तंत्र की विफलता कई स्तरों पर दिखाई देती है। सबसे पहले तो हमारी आपदा प्रबंधन की तैयारी ही अपर्याप्त है। उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी, जिसमें 6,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 2021 की चमोली आपदा, जिसमें 200 से अधिक लोग हिमस्खलन और बाढ़ की चपेट में आए। इन हाद. सों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार को पहले से चेतावनी और तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं बल्कि राहत और बचाव कार्यों में देरी और अव्यवस्था भी दिखाई देती है।

दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी एक बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां 2024 में 108 मिमी बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन वास्तव में, स्थानीय लोगों की सलाह को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज मिलकर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे कि बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रो. कना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा। भारत में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। नितिन गडकरी का बयान इस दिशा में एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। सरकारी तंत्र की नाकामी, चाहे वह जलभराव को नियंत्रित करने में हो या आपदा प्रबंधन में, ने आम लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब प्रलय: दुनिया के मददगारों आज मदद की दरकार

**ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गई है। आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिए खड़ा है।**



**तनवीर जाफरी**

भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिए पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग, शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ्त भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्सेक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुकसान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गाएं भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गई हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिए इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी।

गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है। बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल, करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम, नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना



**योगेश कुमार गोयल**

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।




निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिए तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्एक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिए टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड, 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन से वाशिंगटन तक सड़कों पर प्रदर्शन

**लंदन/वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। लाल बैनर पर अंग्रेज़ी और स्पैनिश में लिखा था कि डीसी पर कब्जा खत्म करो। इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे।

### एक सप्ताह में 107037 शरणार्थी अफगानिस्तान लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में कुल 107037 अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वतन लौटने वाले सभी नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और उनके संबंधित गृहनगरों तक मुफ्त परिवहन सहित आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त शरणार्थियों को परिवार से मिलाने के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकद सहायता प्रदान की गई है।

### चीन के हैनान प्रांत में तापा तूफान के कारण स्तर-4 की चेतावनी

**हाइकू।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में उष्णकटिबंधीय अवसाद के कारण स्तर-4 के तापा तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस साल का यह 16वां तूफान है। हैनान प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे तापा का केंद्र दक्षिण चीन सागर के ऊपर दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत से लगभग 445 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके केंद्र के पास अधिकतम 23 मीटर प्रति सेकंड की गति से हवाएं चल रही थीं।

### घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**अकरा।** दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) ने यह जानकारी दी। जीएनएफएस के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

## कनाडा ने कबूला...

# देश में खालिस्तानी आतंकी संगठन सक्रिय

### फंडिंग भी जुटाने में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख यूथ फेडरेशन का नाम शामिल




■ ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं
■ खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने कबूल कर लिया है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन देश की जमीन पर सक्रिय हैं।

इन्हें कनाडा में फंडिंग भी मिल रही है। इनका मकसद हिंसा के जरिए नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना या मौजूदा सिस्टम में बदलाव करना है। हाल ही में कनाडा की सरकार ने असेसमेंट आफ मनी लान्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा 2025 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा से फंड प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं। इन खालिस्तानी संगठनों को राजनीतिक मकसद से हिंसा फैलाने वाले चरमपंथी समूह (पीएमवीएम) नाम की कैटेगरी में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों के पास मजबूत नेटवर्क है और ये कई तरीकों से पैसा जुटाते हैं। इनमें बैंकिंग और मनी सर्विस सेक्टर का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, कुछ देशों से डायरेक्ट फंडिंग, चैरिटी और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। कनाडाई एजेंसियों ने खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया है। हालांकि पहले के मुकाबले अब खालिस्तानी नेटवर्क छोटे स्तर पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 1980 के दशक से कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हिंसा का सहारा लेकर पंजाब में अलग देश बनाने की कोशिश करते रहे हैं। भारत और कनाडा के रिश्तों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। भारत कई बार यह चिंता जता चुका है कि कनाडा की जमीन का इस्तेमाल खालिस्तानी समूह भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और फंडिंग जुटाने के लिए कर रहे हैं। भारत का कहना है कि कनाडा सरकार इन चरमपंथी गतिविधियों पर कड़ा कदम नहीं उठा रही।



नई दिल्ली। शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते लोग।

## नाइजीरिया में बोको हरम का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**बामा।** डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर क्लेयर स्मार्ट ने कहा कि आज डयूटी करते समय हमारे अफसरों को मुक्के मारे गए, लातें मारी गईं, थूका गया और उन पर चीजें फेंकी गईं। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, आयोजक डिफेंड आवर ज्यूरीज ने पुलिस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हिंसा की शुरुआत पुलिस ने की और प्रदर्शनकारियों को हिंसक बताना 'हास्यास्पद' है। इससे पहले हुए प्रदर्शनों में 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 138 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत मुकदमा चलाया गया है। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा कि हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

## एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ा: नेतन्याहू

■ कल आसमान से पर्चे गिरवाए थे, शहर खाली करने का फरमान

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजरायली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फलस्तीनी मौजूद हैं। गाजा सिटी में इजरायली सेना ने हेलिकाप्टर से पर्चे गिराए। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और काम्बैट जोन घोषित किया है। सेना अब शहर के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही है। इसके चलते उसने लोगों को उनसे दक्षिणी गाजा के मानवीय शिविरों में जाने की हिदायत दी है। इजरायल ने कहा है कि मानवीय क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, खाना-पानी और टेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। आईडीएफ का दावा है कि लोग सुरक्षित रास्ते से गाड़ियों में जा सकते हैं। हालांकि, यूएन और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजरायल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए

### अमेरिका में नियुक्तियां ठप, टैरिफ लागू होने से मुद्रास्फीति बढ़ना जारी, रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका



संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल संभाले अभी सात माह ही हुए हैं और इस दौरान महाशक्ति का रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका है। इसका बड़ा कारण उनके टैरिफ लागू होने के साथ भर्तियों का ठप होना और मुद्रा स्फीति का एक बार फिर बढ़ना है। ताजा रोजगार रिपोर्ट बताती है कि नियोक्ताओं ने अगस्त में सिर्फ 22000 नौकरियां ही जोड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई।

कारखानों व निर्माण कंपनियों ने श्रमिकों की छंटनी की है। संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं। नए आंकड़ों ने ट्रम्प द्वारा वादा की गई तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अब तक उनके द्वारा हासिल की गई कमजोर वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ताजा बयान में देशभर में नए कारखाने खुलने तक रोजगार की प्रतीक्षा करने का आश्वासन देते हुए कहा, आप इस देश में ऐसी चीजें होते देखेंगे जिनकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन धैर्य रखने की ये अपील अमेरिकियों को ज्यादा राहत नहीं दे पाई। सीनेट के अल्पसंख्यक और डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ और मनमानी नीतियां अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं और ताजा रोजगार रिपोर्ट ने इसे साबित कर दिया है। राष्ट्रपति बनने से पहले चुनाव प्रचार के दौरान 2024 में ट्रम्प ने सुझाव दिया था कि देश में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को निर्वासित करने से अश्वेत नौकरियों की रक्षा होगी, लेकिन यह दर बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है।

## 'X' पर ट्रम्प के करीबी नवारो ने मुंह की खाई

एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और भ्रामक करार दे दिया, फैक्ट-चेक से भड़के पीटर नवारो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वरिष्ठ व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर हमला बोला, लेकिन इस बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और इसे भ्रामक करार दे दिया।

इसके बाद भड़के नवारो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर ही निशाना साधा है। पीटर नवारो ने अपने पोस्ट में दावा किया कि भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है और यह पैसा रूस की युद्ध मशीन को चला रहा है। उन्होंने लिखा कि तथ्य- भारत के ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत सिर्फ मुनाफे के लिए रूसी तेल खरीदता है। इस राजस्व से रूस को युद्ध में ताकत मिलती है। यूक्रेनियन और रूसी मर रहे हैं और अमेरिकी टैक्सपेयर ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। भारत सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकता और झूठ फैलाता है। नवारो ने यह भी आरोप लगाया कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क (टैरिफ) के कारण अमेरिकी उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। पीटर नवारो की इस पोस्ट के नीचे एक्स ने फैक्ट-चेक जोड़ते हुए लिखा कि भारत का रूसी तेल खरीदना पूरी तरह कानूनी है और यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए है। एक्स के फैक्ट-चेक में कहा गया कि भारत के रूसी तेल आयात अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करते। हालांकि भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका को भारत से सेवाओं में व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। अमेरिका खुद रूस से कुछ वस्तुएं, जैसे यूरेनियम, अब भी आयात कर रहा है। ऐसे में भारत की आलोचना करना दोहरे मापदंड को दिखाता है। एक्स के इस नोट में सीधे तौर पर नवारो के दावों को 'पाखंडी' करार दिया गया है।

# जेलेंस्की ने पुतिन को दिखाया ठेंगा

### जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को खारिज किया, मास्को बैठक में शामिल होने से किया इन्कार



■ मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं: जेलेंस्की

**कीव।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद उम्मीद बंधी थी कि रूस-यूक्रेन के बीच जल्द युद्धविराम हो सकता है, लेकिन अब यह उम्मीद धूमिल होती नजर आ रही है।

दरअसल अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को मास्को में बैठक करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब यूक्रेनी राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने मास्को के बजाय कीव में बैठक की मांग की है। एक अमेरिकी मीडिया चैनल से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं। पुतिन कीव आ सकते हैं। अलास्का बैठक के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की के बीच आमने-सामने बैठक कराने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में पुतिन ने कहा था कि वह जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बैठक मास्को में होनी चाहिए। शुक्रवार को, रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने स्पष्ट किया कि जेलेंस्की को रूसी राजधानी मास्को में आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं बल्कि बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रूस ने सितंबर के पहले पांच दिनों में यूक्रेन पर 1300 से ज्यादा ड्रोन, लगभग 900 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 50 मिसाइलें दागी हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले देश के 14 क्षेत्रों में हुए। यूक्रेनी नेता ने कहा कि रूस युद्ध को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहा है और कूटनीति को एक तमाशा बनाने की कोशिश कर रहा है।

## जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस आफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं।

## रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

■ रूस के मिसाइल हमले के बाद कैबिनेट भवन से धुआं उठता देखा गया, दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था।

रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए। इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव डूबने से पांच लोगों की मौत

■ बाढ़ पीड़ितों को नहीं दी गई थी लाइफ सेफ्टी जैकेट

**इस्लामाबाद।** भारत के पंजाब के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब में भी बाढ़ का कहर बरकरार है। बाढ़ के कारण गांव के गांव पानी में डूब गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बचाव दल पूरी ताकत के से अभियान चला रहा है, लेकिन हताहतें बढ़ती जा रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डायरेक्टर इरफान अली काठिया ने मीडिया को जानकारी दी कि पानी के तेज बहाव की वजह से जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने लाइफ सेफ्टी जैकेट नहीं पहनी थी। इरफान ने बताया कि पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25 हजार से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108